वर्ष-11 अंक-14 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये
प्रयागराज, सोमवार 17 मार्च 2025
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
11 YEARS ANNIVERSARY
आधुनिक समाचार नेटवर्क
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित
Download From Google Play
Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### द्वारका में अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर लगी आग, दो महिलाओं को सुरक्षित निकाला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आग पर काबू पाने के बाद दमकलकर्मी फ्लैट के भीतर घुसे और दरवाजे के रास्ते ही बुजुर्ग ऊषा व उनकी विनिता को बचा लिया। बुजुर्ग ने बताया कि आग लगने के बाद दरवाजे से निकलने का रास्ता बंद हो गया। द्वारका सेक्टर-5 के एक अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



हादसे में छठी मंजिल के फ्लैट में बुजुर्ग ऊषा (70), उनकी बेटी विनिता (30) और पालतु कुत्ता फंस गए। बालकनी पर आकर वह शोर मचाने लगे। आग की खबर मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब एक घंटे बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया। आग से घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। शुरुआती जांच के बाद आशंका व्यक्त की जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है।दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5.27 बजे द्वारका सेक्टर-5 के लवली होम अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर आग लगी थी। सूचना मिलते ही छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। स्काई लिफ्ट वाली गाड़ी को बुला लिया गया। दमकल कर्मियों ने करीब 18.15 बजे आग पर काबू पा लिया। आग पर काबू पाने के बाद दमकलकर्मी फ्लैट के भीतर घुसे और दरवाजे के रास्ते ही बुजुर्ग ऊषा व उनकी विनिता को बचा लिया। बुजुर्ग ने बताया कि आग लगने के बाद दरवाजे से निकलने का रास्ता बंद हो गया। वह जान बचाने के लिए बालकनी पर आ गईं। आग पर काबू पाने के बाद क्राइम टीम और एफएसएल को मौके पर बुला लिया गया। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। आग की असली वजहों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। बुजुर्ग ऊषा और विनिता से पूछताछ की जा रही है।

## स्टारलिंक से भारतीय कंपनियों को खतरा नहीं, ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में पहुंचेगा इंटरनेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत कीमतों को लेकर संवेदनशील बाजार है। यही वजह है कि स्टारलिंक की अधिक



लागत और सीमित स्पीड इसे शहरी उपभोक्ताओं के लिए कम आकर्षक बनाती है। इसलिए,स्टारलिंक खास तौर से ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में अपनी सेवाएं देगा, न कि जियो और भारती के फाइबर और एयरफाइबर ब्रॉडबैंड से प्रतिस्पर्धा करेगा। टेक अरबपति एलन मस्क का स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट जियो और भारती एयरटेल जैसी भारतीय टेलीकॉम कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती पेश नहीं कर पाएगा। क्योंकि ये कंपनियां अपने ग्राहकों को सस्ते दामों पर बेहतर इंटरनेट स्पीड और अनलिमिटेड डाटा मुहैया कराती है। यह खुलासा जेएम फाइनेंशियल की रिपोर्ट में किया गया है। स्टारलिंक भारतीय टेलीकॉम कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय उलटा उनकी मदद कर सकता है। ऐसे दूरदराज और ग्रामीण इलाकों में जहां सामान्य ब्रॉडबैंड सेवाएं आसानी से उपलब्ध नहीं हैं, वहां स्टारलिंक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने में सहायक साबित हो सकता है। दुनियाभर में स्टारलिंक और अन्य सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं की कीमत 869.48 रुपये (10 डॉलर) से 43,474 रुपये (500 डॉलर) प्रति माह होती है। इसके अलावा, हार्डवेयर के लिए 26,084.52 रुपये (250 डॉलर) से 3,30,403 रुपये (380 डॉलर) तक का एक बार का खर्च भी आता है। इसके मुकाबले इसके मुकाबले, भारतीय टेलीकॉम कंपनियां महज 434.74 रुपये 608.64 रुपये में प्रति माह में ब्रॉडबैंड प्लान देती हैं। इन कंपनियों का एक जीबीपीएस स्पीड और स्ट्रीमिंग सेवाओं वाला प्रीमियम प्लान भी सिर्फ 4,086.57 रुपये प्रति माह में उपलब्ध है।भारत कीमतों को लेकर संवेदनशील बाजार है। यही वजह है कि स्टारलिंक की अधिक लागत और सीमित स्पीड इसे शहरी उपभोक्ताओं के लिए कम आकर्षक बनाती है। इसलिए,स्टारलिंक खास तौर से ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में अपनी सेवाएं देगा, न कि जियो और भारती के फाइबर और एयरफाइबर ब्रॉडबैंड से प्रतिस्पर्धा करेगा।स्टारलिंक के पास 6,400 से अधिक लो-अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट हैं। इससे उसे ज्यादा कवरेज और बेहतर क्षमता मिलती है। लेकिन यह भारतीय टेलीकॉम कंपनियों से सीधी प्रतिस्पर्धा करने के बजाय उनके लिए एक सहयोगी की भूमिका निभाएगा। जियो और भारती ने स्पेसएक्स के साथ एक समझौता किया है।

## अहमदाबाद में दंगे के आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई, छह के 'अवैध' घरों पर चला बुलडोजर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में दंगे और हिंसा के आरोप में गिरफ्तार 14 आरोपियों में से छह के कथित अवैध घरों को तोड़ा गया। इन पर राहगीरों पर हमला करने का आरोप है। हमले में तीन लोग घायल हुए थे और कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए।अहमदाबाद में हिंसा के आरोप में गिरफ्तार 14 लोगों में से छह के कथित तौर पर अवैध रूप से बने घरों को शनिवार को तोड़ दिया गया। इन पर राहगीरों पर हमला करने का आरोप है। हमले में तीन लोग घायल हुए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। रामोल थाने के निरीक्षक एसबी चौधरी ने बताया कि लाठियों और तलवारों से राहगीरों पर हमला करने के आरोप में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। इस हमले में तीन लोग घायल हुए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से छह के घर अवैध रूप से बने हुए पाए गए, जिन्हें शहर के अमराईवाड़ी और खोखरा इलाकों में तोड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की भारी मौजूदगी के बीच अहमदाबाद नगर निगम इन अवैध ढांचों को ध्वस्त कर रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अहमदाबाद नगर निगम अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई कर रहा है। इन स्थानों पर करीब 700-800 पुलिसकर्मियो



को तैनात किया गया है और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इन स्थानों का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के परिवारों के सदस्यों ने कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया और तोड़फोड़ के काम में बाधा डालने से रोका। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार की रात वसत्राल इलाके में 20 लोगों की भीड़ ने लाठियों, तलवारों और चाकुओं से आतंक मचाया, वाहनों में तोड़फोड़ की और लोगों के साथ मारपीट की। पुलिस ने अलाप सोनी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की है। सोनी ने शिकायत की थी कि उनके परिवार का माता-पिता की शादी की सालगिरह मनाने का कार्यक्रम एक बुरे सपने में बदल गया। कुछ असामाजित तत्वों ने लाठियों, तलवारों और चाकुओं से उन पर हमला किया। प्राथमिकी के मुताबिक, एक आरोपी ने शिकायतकर्ता की गर्दन और बाएं हाथ पर चाकू से हमला किया, जबकि दूसरे ने उनके चचेरे भाई को घायल किया। आरोपियों ने उनके वाहन और सड़क किनारे खड़ी अन्य गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया और फिर भाग गए। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिनमें हत्या के प्रयास, गैरकानूनी सभा, दंगा और गलत तरीके से रोकने जैसे आरोप शामिल हैं। कुछ आरोपियों को सार्वजनिक रूप से पीटने के कथित वीडियो भी सामने आए हैं। इन वीडियो के बारे में पूछे जाने पर जोन-5 के पुलिस उपायुक्त बलदेव देसाई ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। गुजरात के पुलिस महानिदेश (डीजीपी) विकास सहाय ने पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेस से बातचीत की। उन्होंने अगले सौ घंटों के भीतर हर थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की सूची तैयार करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं, जो शारीरिक हमले, जबरन वसूली, डराने-धमकाने, संपत्ति के खिलाफ अपराध, निषेद और जुए के अवैध कारोबार, चोरी और अन्य असामाजिक गतिविधियों में शामिल हैं।

## फंसे सात लोगों की खोज में जुटी विशेष टीम, रोबोट और हाईटेक उपकरण से तेज हुआ अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 22 फरवरी को तेलंगाना में हुए सुरंग हादसे में फंसे सात लोगों का तलाशी अभियान अभी भी जारी है। अभियान में आज



खास मशीनरी का इस्तेमाल किया गया, जिससे अभियान को गति मिली। साथ ही अब सुरंग के अंदर फंसे सात लोगों को निकालने के लिए स्वायत्त हाइड्रोलिक-संचालित रोबोट का उपयोग किया जा रहा है। तेलंगाना में ध्वस्त एसएलबीसी सुरंग फंसे सात लोगों की तलाश शनिवार को लगातार 22वें दिन भी जारी है। तलाशी अभियान में शनिवार को खास मशीनरी का इस्तेमाल किया गया, जिससे अभियान को गति मिली। मामले में अधिकारियों ने बताया कि अब सुरंग के अंदर फंसे सात लोगों को निकालने के लिए स्वायत्त हाइड्रोलिक-संचालित रोबोट का उपयोग किया जा रहा है, जो मिट्टी और मलबे को तेजी से हटाने में मदद कर रहा है। इसके अलावा, 30 एचपी क्षमता वाला लिक्विड रिंग वैक्यूम पंप और वैक्यूम टैंक मशीन जैसे उपकरण भी सुरंग के भीतर से मलबा हटाने के लिए काम कर रहे हैं।इस अभियान में सेना, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), खनन कंपनियां, और रोबोटिक्स विशेषज्ञ भी शामिल हैं। मिट्टी और मलबे को हटाने के लिए कन्वेयर बेल्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे प्रति घंटे 620 क्यूबिक मीटर मलबा बाहर निकाला जा सकता है।

## केंद्रीय मंत्री ने जातिगत भेदभाव को नकारा, कहा जो करेगा जाति की बात, उसके कस के मारूंगा लात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नागपुर में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बहुत से लोग



जाति के आधार पर मुझसे मिलने आते हैं। मैंने उन सबसे 50,000 लोगों में कह दिया कि जो करेगा जाति की बात, उसके कस के मारूंगा लात। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर जातिगत भेदभाव को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मैं जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करता हूं। चाहे मुझे फिर वोट मिले या न मिले। उन्होंने कहा कि लोग जाति के आधार पर मुझसे मिलने आते हैं। मैंने उन सबसे 50,000 लोगों में कह दिया कि जो करेगा जाति की बात, उसके कस के मारूंगा लात।नागपुर में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कोई व्यक्ति अपनी जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं जाना जाता, बल्कि केवल अपने गुणों से जाना जाता है। इसलिए हम जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करते। मैं राजनीति में हूं और यहां यह सब चलता रहता है, लेकिन मैं इससे इनकार करता हूं भले ही इससे मुझे वोट मिले या न मिले। मैं अपने हिसाब से चलता हूं। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग जाति के आधार पर मुझसे मिलने आते हैं। मैंने उन सबसे 50,000 लोगों में कह दिया कि जो करेगा जाति की बात, उसके कस के मारूंगा लात। मेरे दोस्तों ने मुझे बताया कि मैंने ऐसा कहकर खुद को नुकसान पहुंचाया है। लेकिन मुझे इसकी चिंता नहीं है। चुनाव हारने से कोई अपनी जान नहीं खोता। मैं अपने सिद्धांतों पर अडिग रहूंगा।

## अमित शाह ने सात वर्षीय गायक को उपहार में दिया गिटार, बोले- भारत के प्रति प्रेम हम सभी को जोड़ता है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर की अपनी यात्रा के दौरान शनिवार को सात वर्षीय मिजोरम की प्रतिभाशाली बालिका एस्तेर लालदुहावमी हनमते को एक गिटार उपहार में दिया। उन्हें आइजोल में वंदे मातरम् का भावपूर्ण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। आइए इस बारे में जानते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर की अपनी यात्रा के दौरान शनिवार को सात वर्षीय मिजोरम की प्रतिभाशाली बालिका एस्तेर लालदुहावमी हनमते को एक गिटार उपहार में दिया। उन्हें आइजोल में वंदे मातरम् का भावपूर्ण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत के प्रति प्रेम हम सभी को एक करता है। मिजोरम की अद्भुत बच्ची एस्तेर लालदुहावमी हनामते को आज आइजोल में वंदे मातरम गाते हुए सुनकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। सात वर्षीय बच्ची का भारत माता के प्रति प्रेम उसके गीत में झलक रहा था, जिससे उसे सुनना एक अद्भुत अनुभव बन गया। मिजोरम की युवा गायिका हंमटे ने पहली बार 2020 में देशभर में तब



ध्यान आकर्षित किया जब उनका 'माँ तुझे सलाम' गाने का वीडियो वायरल हुआ। उनकी दमदार आवाज और देशभक्ति की भावना ने उन्हें व्यापक प्रशंसा दिलाई। उन्हें मिजोरम सरकार से कई पुरस्कार मिले, जिसमें राज्यपाल की ओर से विशेष प्रशंसा भी शामिल है। गृह मंत्री अमित शाह 14 मार्च (शुक्रवार) से असम के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। हालांकि, शनिवार 15 मार्च को वे मिजोरम गए, जहां उन्होंने असम राइफल्स की जमीन मिजोरम सरकार को हस्तांतरित किए जाने के भूमि हस्तांतरण समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने लोगों की सेवा के लिए असम राइफल्स की प्रशंसा की। शाह ने एक्स पर लिखा ठअसम राइफल्स ने भाईचारे के माध्यम से सुरक्षा के मार्गदर्शक सिद्धांत के माध्यम से मिजोरम के लोगों की सेवा की है। आज, बल ने लोगों के लाभ के लिए अपनी जमीन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राज्य सरकार को सौंपकर लोगों के प्रति प्रतिबद्धता का एक अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। सभा को संबोधित करते हुए शाह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि असम राइफल्स मुख्यालय को मध्य आइजोल से जोखावसांग में स्थानांतरित करना मिजोरम के विकास के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## एक हजार किमी की रफ्तार चलेगी 30 मिनट में दिल्ली से जयपुर का सफर, रेल मंत्री ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को देश के पहले हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक का निरीक्षण किया। करीब 422 मीटर लंबे इस



ट्रैक पर 1000 किमी/घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाई जा सकेगी। आईआईटी मद्रास के युवा इंजीनियरों की टीम ने ट्रैक की तकनीक डिजाइन की है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को देश के पहले हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक का निरीक्षण किया। करीब 422 मीटर लंबे इस ट्रैक पर 1000 किमी/घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाई जा सकेगी। आईआईटी मद्रास के युवा इंजीनियरों की टीम ने ट्रैक की तकनीक डिजाइन की है।केंद्रीय मंत्री ने निरीक्षण के बाद कहा, केंद्र सरकार शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर भविष्य के ट्रांसपोर्ट में इनोवेशन कर रही है। आईआईटी मद्रास में युवा इंजीनियरों की एक टीम हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक बना रही है। इसमें वैक्यूम उत्पन्न होने पर पार्ट मैग्नेटिक लैविटेशन यानी ट्रैक के ऊपर नहीं, बल्कि ट्रैक से ऊपर उठ के चलेगा। भविष्य में इस तकनीक के माध्यम से 300 किमी की दूरी करीब 30 मिनट में पूरी की जा सकेगी। आईआईटी मद्रास के हाइपरलूप प्रोजेक्ट से जुड़े छात्र सचिन पांडे ने बताया कि अभी जो पॉड डिजाइन किया जा रहा है, वह 1000 किलो की परिवहन क्षमता का है। इसका मतलब यह है कि उसमें लगभग 11 व्यक्ति या 1000 किलो वजन के सामान को लाया ले जाया सकता है।यह ट्रेन चुंबकीय तकनीक से लैस पॉड (ट्रैक) पर चलेगी। हाइपरलूप तकनीक में खंभों के ऊपर (एलिवेटेड) ट्रांसपैरेंट ट्यूब बिछाई जाती है। इसके अंदर लंबी सिंगल बोगी हवा में तैरते हुए चलती है। घर्षण नहीं होने के कारण इसकी स्पीड 1100 से 1200 किमी प्रति घंटे तक होती है।

## भारत में खूब फल-फूल रहा अवैध सट्टा, डिजिटल इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट में सामने आई यह बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत में अवैध सट्टेबाजी और जुए के मामलों में हाल के वर्षों में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई है। भारत में चार प्रमुख साइटों पर केवल तीन महीनों में 1.6 अरब विजिट हुई है। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, अवैध सट्टेबाजी साइटों पर ऑर्गेनिक सर्च ट्रैफिक लगभग 18.4 करोड़ विजिट (हिट) के साथ पार हो गया। आइए इस बारे में जानें। भारत में अवैध सट्टेबाजी और जुए के मामलों में हाल के वर्षों में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई है। भारत में चार प्रमुख साइटों पर केवल तीन महीनों में 1.6 अरब विजिट हुई है। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, अवैध सट्टेबाजी साइटों पर ऑर्गेनिक सर्च ट्रैफिक लगभग 18.4 करोड़ विजिट (हिट) के साथ पार हो गया। ऑर्गेनिक सर्च का आंकड़ा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की ओर से संचालित ट्रैफिक से अधिक है, जिसने लगभग 4.28 करोड़ हिट का योगदान दिया। अकेले मिरर वेबसाइटों ने अवैध बाजार के पैमाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तीन परिमैच मिरर ने अतिरिक्त 26.6 करोड़ हिट उत्पन्न किए। अवैध प्लेटफार्मों पर 1.098 अरब विजिट सीधे यूआरएल दर्ज करने वाले यूजर्स से उत्पन्न हुए, जो पिछली मार्केटिंग रेफरल आदि की सफलता का संकेत देते हैं। एजेंसीरिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म सट्टेबाजी और जुआ से संबंधित प्रचारों को प्रतिबंधित करते हैं। फेसबुक पर इससे जुड़े विज्ञापन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। वेबसाइटों को ब्लॉक करने और सार्वजनिक सलाह सहित बार-बार सरकारी हस्तक्षेप के बावजूद अवैध ऑपरेटर लगातार फल-फूल रहे हैं। वित्त पर संसद की स्थायी समिति ने वर्ष 2023 में अपनी रिपोर्ट में ऑनलाइन सट्टेबाजी साइटों की मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण को सक्षम करने में भूमिका पर चिंता जताई थी।




## इस बार कम हुए सड़क हादसे, दबकर कटे चालान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**दिल्ली में इस बार धुलेंडी वाले दिन सड़क दुर्घटनाओं में सिर्फ चार लोगों की मौत हुई है। वहीं दूसरी तरफ शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के खूब चालान हुईं हैं और इनमें 4 लोगों की मौत हुई। वहीं 2024 में 24 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं और 14 लोगों की मौत हुई थी। वर्ष 2023 में 24 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं, इनमें 10 लोगों की मौत हुई थी।सड़क सुरक्षा बढ़ाने



कटे। इस बार की होली (धुलेंडी) दिल्ली वासियों व पुलिस के लिए राहत देने वाली रही। इस बार धुलेंडी वाले दिन सड़क दुर्घटनाओं में सिर्फ चार लोगों की मौत हुई है। इस बार धुलेंडी वाले दिन सड़क दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं। इस बार शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले दोपहिया वाहन चालकों के जमकर चालान कटे।दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) अजय चौधरी ने बताया कि इस वर्ष धुलेंडी वाले दिन कुल 12 सड़क दुर्घटनाएं और पैदल चलने वालों और मोटर चालकों की भलाई सुनिश्चित करने के प्रयास में दिल्ली यातायात पुलिस ने 14 मार्च 2025 को होली (धुलेंडी) पर खतरनाक ड्राइविंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विस्तृत यातायात व्यवस्था की थी। ये उपाय शराब पीकर गाड़ी चलाने, लापरवाही से गाड़ी चलाने, टेढ़े-मेढ़े वाहन चलाने, दोपहिया पर तीन लोगों के साथ सवारी करने और बिना हेलमेट के दोपहिया चलाने जैसे उल्लंघनों को कम करने पर केंद्रित हैं।

डाक पंजीयन नं.AD-326/2024-2026 -website:www.aadhuniksamachar.com- E-mail:-adhuniksamachar2024@gmail.com आधुनिक समाचार






## प्रेम प्रसंग में इंटर के छात्र की फावड़े से मारकर हत्या, गंगा के किनारे मिला शव, पांच आरोपी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** तेरहवीं कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए इंटर के छात्र की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी गई। उसका शव करछना थाना क्षेत्र के सेमरही गांव में गंगा के किनारे



मिला। पिता की तहरीर पर गांव के ही मां-बेटे समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। करछना थाना क्षेत्र के सेमरहा गांव में इंटर के छात्र राजू उर्फ सूबेदार (17) की हत्या कर दी गई। उसका खून से लथपथ शव गंगा के किनारे मिला। उसके सिर पर फावड़े से प्रहार के गंभीर निशान पाए गए हैं। हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मां-बेटे समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।खेती किसानी करने वाले सेमरहा गांव निवासी मानिकचंद्र निषाद के चार बेटे हैं। उनका सबसे छोटा बेटा राजू उर्फ सूबेदार (17) पास के गांव अमिलो में स्थित एक कॉलेज में इंटर का छात्र है। राजू शनिवार को गांव में आयोजित एक त्रयोदशाह कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गया था। आरोप है कि गांव का ही रहने वाला करन निषाद अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर राजू उर्फ सूबेदार को बहाना बनाकर गंगा घाट की तरफ ले गया। रात्रि करीब ग्यारह बजे फावड़े से सिर पर प्रहार कर राजू की हत्या कर दी गई। इसके बाद सभी भाग निकले। देर रात तक त्रयोदशाह कार्यक्रम से घर न लौटने पर परिवार के लोग परेशान हो गए। उसकी खोजबीन शुरू की गई। रविवार की सुबह गंगा घाट की तरफ उसका खून से लथपथ शव मिलने पर हड़कंप मच गया। परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता ने गांव के करन निषाद पुत्र दिनेश निषाद पर हत्या का शक जाहिर किया है। पिता की तहरीर पर करन निषाद उसकी मां सुषमा निषाद पत्नी दिनेश, गांव के ही अनीस निषाद, सूरज निषाद, सत्येंद्र निषाद, अमर निषाद और अजय निषाद के अलावा मेजा थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी बादल निषाद और दीपू निषाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। गांव के लोगों ने दबी जुबान बताया कि प्रेम प्रसंग को लेकर राजू की हत्या की गई है। मुख्य आरोपी करन निषाद के परिवार की किसी लड़की के साथ राजू का प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की के घर वालों ने राजू को लड़की के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। इसको लेकर विवाद भी हुआ था। माना जा रहा है कि इसी के चलते राजू की हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## घर में घुसकर व्यक्ति की हत्या नहीं मिला बेटा तो पिता को उतारा मौत के घाट, गांव में तनाव; फोर्स तैनात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**गोरखपुर।** बताया जा रहा है कि पांच दिन पहले एक बरात में नाचने को लेकर विवाद हुआ था। इसी रंजिश में बीती रात करीब 20 मनबढ़ युवक राजेश के घर में घुस गए। वे उसके बेटे को खोज रहे थे जब वह नहीं मिला तो मनबढ़ दुकानदार को ही मार कर चले गए। बलिया के बांसडीह रोड थाना के सरया गांव में पुराने विवाद को लेकर शनिवार की रात 20 की संख्या में युवकों ने घर पर हमला बोलकर किराना दुकानदार राजेश साहनी (40) की हत्या कर दी। घटना को लेकर गांव में तनाव व्याप्त है। सूचना पाकर मौके पर एएसपी अनिल कुमार झा दलबल ले साथ पहुंच घटना की जानकारी ली। आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।



पुलिस ने शव को पोस्मार्टम को भेज दिया। पुलिस ने बगल के गांव के 10 से अधिक संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।जानकारी के अनुसार, सरया गांव में बीते 11 मार्च को आई एक बारात में नाच देखने को लेकर हुआ विवाद हत्या तक पहुंच जाएगा यह किसी ने सोचा नहीं था। होली के दूसरे दिन जहां हर कोई रंगो के उमंग में व्यस्त था, वहीं बगल के डुमरी गांव के 15-20 की संख्या में युवकों ने पांच दिन पूर्व हुए मारपीट का बदला लेने के लिए रात लाठी डंडे व धारेधार हथियार से लैस होकर सरया गांव के राजेश साहनी के घर हमला बोल दिया। सभी उनके लड़के रूपेश को कमरे-कमरे में जाकर खोज रहे थे। पूरे घर की तलाशी लेने के बाद उसका पता न चलने पर सभी दुकान के बाहर बैठे उसके पिता राजेश की धारदार हथियार से हमला बोल अधमरा कर दिया। हो-हल्ला सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी सभी युवक भाग खड़े हुए। पड़ोसियों ने घायल राजेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर लगते ही प्रशासन में खलबली मच गई।

## पिटाई से घायल युवक की मौत के बाद परिजनों का हंगामा, शव सड़क पर रख किया चक्काजाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के बालाडीह बेलखरिया के पूरा गांव में पिटाई से घायल टाइल्स मिस्त्री की मौत के बाद परिजन अंतिम संस्कार न करने पर अड़ गए हैं। रविवार को पोस्टमार्टम आरोपियों गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग समेत कई मांगों को पूरा कराने पर परिवार के लोग अड़े हैं। मौके पर भारी पैमाने पर फोर्स तैनात कर दी गई है। बेलखरिया का पूरा बालाडीह में बीते 25 फरवरी को टाइल्स मिस्त्री और के साथ लकड़ी को लेकर विवाद हुआ था। शिवकुमारी का आरोप है कि पड़ोसी रात आठ बजे लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर घर में घुस कर उसे और उसकी पुत्री काजल, पति मनोज को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जख्मी



के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बालाडीह बेलखरिया के पूरा गांव में पिटाई से घायल टाइल्स मिस्त्री की मौत के बाद परिजन अंतिम संस्कार न करने पर अड़ गए हैं। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी आक्रोशित परिजनों को समझाने बुझाने में जुट गए हैं। उसके परिजनों के साथ घर में घुसकर पड़ोसियों ने मारपीट की थी। मारपीट में घायल टाइल्स मिस्त्री का एसआरएन में इलाज चल रहा था। शुक्रवार रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के बाद से आरोपी घर में तालाबंद कर फरार हैं। रात में पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचा तो ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। गांव निवासी शिवकुमारी पत्नी मनोज कुमार सरोज ने बताया कि उसकी पुत्री काजल का पड़ोसी जगत यादव उर्फ कल्लू यादव शिवकुमारी ने मऊआइमा थाने में 26 फरवरी को आरोपी जगत यादव उर्फ कल्लू यादव, उसकी पत्नी शोभा यादव और जगत की बहन प्रीति यादव के खिलाफ हत्या की कोशिश तथा एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी जगत उर्फ कल्लू यादव, बहन प्रीति यादव की गिरफ्तार की मांग की गई है। पीड़ित 50 लाख की मांग और आरोपी के घर को बुलडोजर से गिराने की पुलिस प्रशासन से मांग की गई है।

## योगी का निर्देश- समस्याओं का निदान कराएं, पीड़ितों को न्याय दिलाएं;150 लोगों की सुनीं समस्याएं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**गोरखपुर।** सीएम योगी रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में पीड़ितों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भी गोरखनाथ मंदिर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान 150 से अधिक लोग पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि



सरकार 'सबका विश्वास, सबका विकास' के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का निदान कराएं और पीड़ितों को न्याय दिलाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जरूरतमंदों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं और उन्हें विकास से जोड़ें।सीएम योगी रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में पीड़ितों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## रात में सभी खाना खाकर सोए थे, सुबह खून से लथपथ मिली लाश'; घर में महिला की धारदार हथियार से हत्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक महिला की धारदार हथियार से हत्या करने के मामला सामने आया है। महिला घर के अंदर सो रही थी। पुलिस ने पिता और भाइयों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। उत्तर प्रदेश के काम करता है। वह अपने तीन बच्चों के साथ पिछले कई साल से मायके में ही रहती थी। 11 वर्षीय बेटी ने बताया कि रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। सुबह 6:00 के करीब नींद खुलने पर वह कमरे में गई तो वहां मां खून से लथपथ हाल में मृत पड़ी मिली। उसका यह भी



प्रयागराज में एक महिला की धारदार हथियार से हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। साथ ही महिला के पिता और भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, हंडिया के बरौत कस्बे में घर के अंदर सो रही महिला (32) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। गले पर ताबड़तोड़ वारकर उसे मौत के घाट उतारा गया। महिला की शादी 13 साल पहले हुई थी। हंडिया के सिंहापुर निवासी उसका पति मुंबई में रहकर कहना है कि कपड़े अस्त व्यस्त हाल में थे। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और फिर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। एसीपी हंडिया सुनील कुमार सिंह का कहना है कि महिला के अपने भाइयों से रिश्ते ठीक नहीं थे। जमीन को लेकर भी कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है। उधर, पूछताछ के लिए पुलिस ने महिला के पिता और उसके भाई को भी हिरासत में लिया है।

## प्रयागराज के लोकनाथ चौराहे पर दूसरे दिन जमकर खेली होली, बड़ी संख्या में जुटे लोग



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में दूसरे दिन भी जमकर होली खेली जा रही है। दो दिवसीय होली समारोह के दूसरे दिन रंगों का त्योहार मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज के लोकनाथ चौराहे पर एकत्र हुए। यहां एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली खेली। इस दौरान जमकर मस्ती की। डीजे पर डांस किया। आज पुलिस कर्मी भी होली खेल रहे हैं।


NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है



श्री महन्तू
अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी नैनी, प्रयागराज

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480



प्रदेश आस/पास



भारत

# खून से खेली होली बागपत में हेड कांस्टेबल की मां समेत तीन का मर्डर; नशे ने बर्बाद कर दिए तीन घर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बागपत।** बागपत के रठौड़ा गांव में हेड कांस्टेबल की मां सहित तीन लोगों की हत्या का मामला सामने आया है। होली पर्व पर गांव की परिक्रमा के दौरान हुए विवाद के बाद युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला हेड कांस्टेबल की मां और पिता पर हमला कर भागे मनीष उर्फ मोनू का शव मिला है। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के छपरौली के रठौड़ा गांव में होली पर हुए विवादों में एक के बाद एक तीन लोगों की हत्या कर दी गई। पहले गांव निवासी युवक अमित उपाध्याय (35) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दो घंटे बाद यूपी पुलिस की हेड कांस्टेबल प्रिया की माता बिमलेश और पिता पर हमला किया गया। इसमें बिमलेश की दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। इस हमले में आरोपी मनीष उर्फ मोनू (35) का भी दो गोली शव शनिवार सुबह खेत में पड़ा मिला। रठौड़ा के ललित उपाध्याय ने बताया कि उसका भाई अमित पानीपत में नौकरी करता था। वह होली पर परिवार के साथ गांव आया था। शुक्रवार सुबह गांव की परिक्रमा शुरू होने से पहले अमित का गांव के ही सागर से झगड़ा हो गया। गांव के लोगों ने बीच-बचाव करा दिया। ललित ने बताया कि दोपहर दो बजे सागर, अपने भाई अक्षय और वंश के साथ उनके घर पहुंचा और गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अक्षय ने अमित की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने उसके भाई गुलबीर की पिटाई करते हुए गली में दौड़ाया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इसमें अक्षय, सागर और वंश पर मुकदमा दर्ज किया पहुंचा और गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अक्षय ने अमित की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने उसके भाई गुलबीर की पिटाई शव शनिवार सुबह गांव में मलखी के खेत में मिला। मनीष के पिता जितेंद्र ने कहा कि मनीष को शुक्रवार शाम गांव के ही सागर,





गया। इसके दो घंटे बाद रठौड़ा में ही दूसरा झगड़ा हुआ। यूपी पुलिस की हेड कांस्टेबल प्रिया के घर के बाहर मनीष उर्फ मोनू उर्फ कटड़ा दोस्तों नितिन व परविंद्र के साथ खड़ा होकर गाली-गलौज कर रहा था। प्रिया की मां बिमलेश और पिता रामफल ने टोका तो आरोपियों ने दोनों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। शुक्रवार सुबह गांव की परिक्रमा शुरू होने से पहले अमित का गांव के ही सागर से झगड़ा हो गया। गांव के लोगों ने बीच-बचाव करा दिया। ललित ने बताया कि दोपहर दो बजे सागर, अपने भाई अक्षय और वंश के साथ उनके घर करते हुए गली में दौड़ाया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इसमें अक्षय, सागर और वंश पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसके दो घंटे बाद रठौड़ा में ही दूसरा झगड़ा हुआ। यूपी पुलिस की हेड कांस्टेबल प्रिया के घर के बाहर मनीष उर्फ मोनू उर्फ कटड़ा दोस्तों नितिन व परविंद्र के साथ खड़ा होकर गाली-गलौज कर रहा था। प्रिया की मां बिमलेश और पिता रामफल ने टोका तो आरोपियों ने दोनों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बिमलेश की हत्या में आरोपी मनीष उर्फ मोनू का दो गोली लगा अक्षय, बादल, नितिन, प्रवेंद्र के साथ खेतों की तरफ जाते हुए देखा गया था। आरोप है कि सभी ने मिलकर मनीष की शुक्रवार रात हत्या कर दी। पुलिस ने पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने अमित और मनीष की हत्या में शामिल आरोपी भाइयों सागर व अक्षय को गिरफ्तार कर लिया।एसपी अर्पित विजयवर्गीय और एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह भी घटना के बाद गांव में पहुंचे। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई का काम शुरू, एएसआई की टीम के साथ कमेटी के लोग भी मौजूद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**संभल ।** संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई का काम शुरू हो गया है। एएसआई की टीम के साथ कमेटी के लोग भी मौजूद हैं।उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद में रविवार की सुबह रंगाई-पुताई का काम शुरू हो गया है। मजदूरों ने संभल जामा मस्जिद की दीवारों पर पुताई का काम शुरू कर दिया है। एएसआई की टीम के साथ कमेटी के लोग मौजूद हैं। संभल जामा मस्जिद की सफेदी करने का काम जिस व्यक्ति को सौंपा गया है, उसका कहना है,. कुल आठ लोग काम पर हैं... हम एक सप्ताह के भीतर काम पूरा कर देंगे। हमें केवल मस्जिद की सफेदी करने का निर्देश दिया गया है। हमें एएसआई द्वारा यह काम सौंपा गया है विज्ञापन इससे पहले, शनिवार को टीम पेंटर के साथ जामा मस्जिद पहुंची थी लेकिन कुछ देर रुकने के बाद टीम लौट गई। इसके चलते पुताई का काम शुरू नहीं हो सका था। एएसआई की टीम ने पुताई का काम रविवार



की सुबह से शुरू कराने की बात जामा मस्जिद कमेटी से कही थी। 12 मार्च को उच्च न्यायालय ने पुताई और सजावट का आदेश किया था। साथ ही यह भी कहा था कि इस पुताई और सजावट के कार्य की निगरानी एएसआई द्वारा की जाएगी। इसी क्रम में 13 मार्च को एएसआई की टीम जामा मस्जिद पहुंची थी। बाहरी हिस्से के साथ अंदर के परिसर का भी निरीक्षण किया था। उन स्थानों को टीम ने देखा था जहां पुताई की जानी है। मस्जिद के बाहरी हिस्से पर पुताई के लिए आदेश किया गया है। शनिवार को तीन सदस्यीय टीम तीन पेंटर के साथ जामा मस्जिद में पहुंची थी। कुछ हिस्से में पेंटर ने सफाई की थी। स्थानीय स्तर पर भी पेंटर और श्रमिकों की व्यवस्था की गई है। यह भी पढ़ें: ऌझ्ः संभल में एएसआई की टीम ने की जामा मस्जिद की नापतोल; पुताई के काम की करेगी निगरानी उपद्रवियों के पोस्टर जामा मस्जिद की दीवार से हटाए गए जामा मस्जिद की पिछली दीवार पर पोस्टर लगाने की वजह से विवाद खड़ा हो गया था उन पोस्टर को एएसआई की टीम ने शनिवार को हटवा दिया है। यह पोस्टर पुताई किए जाने के लिए हटाए गए हैं। इन हिस्सों की सफाई भी कराई गई है। 74 उपद्रवियों के पोस्टर दीवार पर लगा दिए थे। इन पोस्टर के लगाने का विरोध जामा मस्जिद कमेटी के सदर द्वारा किया गया था।

# गलियों से घाट तक हुड़दंग, जोगीरा सारारारारा की धुन पर थिरके

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी में होली का त्योहार उल्लास के साथ संपन्न हो गया। घाटों से लेकर सड़कों और गलियों तक जमकर अबीर-गुलाल उड़े। वहीं, त्योहार के एक दिन बाद पुलिसकर्मियों ने भी रंगोत्सव का आयोजन किया। होली गीतों पर ठुमके लगाए होलिका दहन के साथ ही काशी में होली का हुड़दंग शुरू हो गया। गलियों से घाट तक होली के सतरंगी रंग बिखरे तो चौराहों पर जमकर हुड़दंग हुई। डीजे की धुन पर थिरकते युवाओं ने कपड़ा फाड़ होली खेली तो बच्चों ने भी होली का धमाल मचाया। शाम को काशीवासियों ने चौसट्ठी देवी के चरणों में गुलाल अर्पित करने की परंपरा भी निभाई। शुक्रवार को बनारस की सुबह सूरज की पहली किरणों के साथ रंग-बिरंगी हो उठी। मध्यरात्रि के बाद से शुरू होली का हुड़दंग सुबह के साथ और चटक हो उठा। घाटों और गलियों में हुलियारों की टोलियां निकलने लगी और जोगीरा की धुन हवा में तैर रही थी। काशी के 84 घाटों की रंगीनियत देखते ही बन रही थी। क्या देशी क्या विदेशी सभी रंग-बिरंगे नजर आ रहे थे। काशी की होली की शुरुआत बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती में गुलाल अर्पण करने के साथ हुई। इसके बाद तो गंगा घाट से लेकर गलियों तक हवा में रंग ही रंग नजर आ रहे थे। वहीं गंगा के घाट पर विदेशी सैलानी भी एक-दूसरे के साथ होली खेलने में मगन थे। चेतगंज, भदैनी और लंका क्षेत्र में दही हांडी में भी युवाओं की अच्छी खासी भीड़ रही।



लाल, गुलाबी, हरे, पीले, नीले और बैगनी रंगों से रंगे पुते चेहरे। तरह-तरह के स्वांग बनाए युवाओं की टोलियां चारों तरफ नजर आ रही थीं। गोदौलिया पर तो दिन चढ़ने के साथ ही होली का खुमार सिर चढ़कर बोलने लगा।लोगों में होली का रंग और भंग ऐसा चढ़ा कि लोगों ने एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने शुरू कर दिए। डीजे की धुन पर थिरकते युवा एक दूसरे के कपड़े फाड़-फाड़कर हवा में उछाल रहे थे। लहुराबीर, मैदागिन, चौक, दशाश्वमेध, लक्सा, रथयात्रा, सिगरा, कमच्छा, भेलूपुर, नगवां, सुंदरपुर, चांदपुर, लंका, भगवानपुर के इलाकों में सड़कों पर होली का हुड़दंग दोपहर के बाद तक चलता रहा। जगह-जगह पुलिस युवाओं को अब घर लौटने की अपील कर रही थी।दी स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से शनिवार को चांदपुर के एक होटल में पारिवारिक होली मिलन समारोह हुआ। उद्योग से संबंधित सरकारी विभाग के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों, उद्यमियों और उनके परिजनों ने गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली। मधुर गीत-संगीत, स्वादिष्ट व्यंजनों और ठंडई का लुत्फ उठाया। इसमें महिला उद्यमी सीमा गुप्ता को एसोसिएशन ने महिला उद्यमी सम्मान दिया। यह होली मिलन पर्यावरण को समर्पित रहा। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश भाटिया ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों का सही तरह से उपयोग करना चाहिए। एसआई ए के महासचिव नीरज पारिख ने कहा कि होलिका दहन की पवित्र अग्नि हमारे भीतर नकारात्मक ऊर्जा का शमन कर सकारात्मक ऊर्जा लाती है। एसआईए के संरक्षक अवधेश कुमार गुप्ता और राजेश कुमार वर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी, रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा, सचिव राकेश जायसवाल, महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा, सचिव अशोक जायसवाल मौजूद रहे।

# दो चचेरे भाइयों का अपहरण, पुलिस बोली खुद ढूंढो तो परिजनों ने जाम कर दिया हाईवे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बहराइच।** बहराइच में दो सगे भाईयों का अपहरण हो गया। पुलिस ने परिजनों से कहा खुद ढूंढो तो नाराज परिजनों ने हाईवे जाम कर दिया। क्षेत्र में आक्रोश बना निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी देर तक बच्चों के वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की और अपहरण का आरोप लगाते हुए इसकी सूचना मटेरा पुलिस को दी। लेकिन आरोप




हुआ है। बहराइच के मटेरा थाना क्षेत्र में घर से खेलने निकले दो चचेरे भाई लापता हो गए। परिजनों ने अपहरण की बात कहते हुए थाने पर तहरीर दी तो पुलिसकर्मियों ने खुद ढूंढने की बात कहकर भगा दिया। इससे नाराज परिजनों ने रात में थाने का घेराव किया। वहीं सुबह-सुबह बहराइच-नानपारा राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर पहुंचे सीओ नानपारा ने परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। क्षेत्र में आक्रोश बना हुआ है।मटेरा थाना क्षेत्र में थाने के पीछे रहने वाले अनिल शर्मा विद्या मंदिर स्कूल के प्रबंधक हैं और उनके बड़े भाई व्यापारी हैं और मिर्जापुर चौराहे पर इलेक्ट्रानिक की दुकान चलाते हैं। शनिवार की शाम अनिल का 10 वर्षीय बेटा सूर्यांश व उनके बड़े भाई प्रदीप का सात वर्षीय बेटा दिव्यांश शर्मा खेलने है, कि मटेरा थाने के थाना प्रभारी व पुलिस कर्मियों ने खुद खोजने की बात कहकर उन्हें भगा दिया। इससे नाराज परिजनों ने थाने का घेराव किया और नारेबाजी की। दो-दो बच्चों के अपहरण के बाद भी मटेरा पुलिस के मूकदर्शक बने रहने पर रविवार की सुबह परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और सैकड़ो की संख्या में लोग सड़क पर उतर आए। सभी ने बहराइच-नानपारा राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया और मटेरा पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान घंटो हाईवे जाम रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर सीओ नानपारा प्रद्युम्न सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। परिजनों ने 4 बजे तक बच्चों को ढूंढने का अल्टीमेटम दिया है। बच्चों के अपहरण से महिलाओं का रो-रोक कर बुरा हाल है।

# यूपी डीजीपी ने किए रामलला के दर्शन, रामनवमी मेले की तैयारियों को भी परखा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अयोध्या।** यूपी डीजीपी ने रविवार को सुबह रामलला के दर्शन किए और रामनवमी मेले की तैयारियों को परखा। मेले में करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। डीजीपी प्रशांत कुमार रविवार को अयोध्या पहुंचे जहां उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। उन्होंने मंदिर निर्माण के कार्यों को भी देखा। रामनवमी मेले की तैयारियों की जानकारी अधिकारियों से ली।श्रद्धालुओं के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी उन्हें दी गई। उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की प्रगति जानी। रामनवमी मेला से पहले सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण के प्लान की जानकारी भी उन्होंने ली।रामनवमी मेले में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। राम जन्मोत्सव पर अप्रत्याशित भीड़ उमड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है। रामनवमी मेले को लेकर व्यापक स्तर पर की तैयारी की जा रही है। इस दौरान एसएसपी राजकरण नय्यर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने मारी गोली होली के दिन बालिका को घर से उठा ले गया था खेत में

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** सदर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि बालिका



से दुष्कर्म का आरोपी अपने घर पहुंचने वाला है। अपना सामान लेकर वह कहीं भागने की फिराक में है। इससे पहले पुलिस पहुंच गई और मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार कर लिया। चंदौली के सदर कोतवाली अंतर्गत एक गांव निवासी 9 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने भागने के दौरान पैर में गोली मारी और धर दबोचा। एसपी आदित्य लांघे के इस सख्त कदम की सराहना हो रही है और इसे अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।सदर कोतवाली के सुभाष सोनकर ग्राम बिसौरी अपने घर से सामान लेकर कहीं भागने की कोशिश कर रहा था, तभी पुलिस को उसकी सूचना मिली। पुलिस ने उसे नवही के पास घेर लिया और पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।आरोपी ने होली के दिन नशे की हालत में एक बालिका के साथ पास के घर के पास खेत में ले जाकर बालिका से दुष्कर्म किया था। घटना से नाराज ग्रामीणों ने पीड़िता के साथ सड़क जाम कर दिया था।



# सोनभद्र, मिर्जापुर



## पूर्वांचल के 10 जिलों में सड़क हादसों में 42 की मौत, बाप-बेटे और स्कूल प्रबंधक की भी गई जान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पूर्वांचल के 10 जिलों में 24 घंटे में सड़क हादसों में 42 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में



इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पूर्वांचल के दस जिलों में शुक्रवार और शनिवार को अलग-अलग सड़क हादसों में 42 लोगों की मौत हो गई। मिर्जापुर में बहू की विदाई कराकर वाराणसी आ रहे परिवार की कार पलट गई। इसमें बाप-बेटे की मौत हो गई है। जौनपुर में स्कूल प्रबंधक की जान चली गई। हादसों में सबसे ज्यादा नौ मौतें मिर्जापुर और सात सोनभद्र में हुई हैं।सोनभद्र के ओबरा से बहू को विदा कराकर घर लौटते समय वाराणसी निवासी परिवार हादसे का शिकार हो गया। मिर्जापुर में वाराणसी-शक्तिनगर हाईवे पर हनुमान घाटी के पास शुक्रवार की रात कार पलट गई। इसमें वाराणसी के शिवपुर निवासी त्रिलोकी नाथ केशरी (65) और उनके बेटे आदित्य उर्फ सीबू (30) की मौके पर ही मौत हो गई। इसी तरह हादसों में कटरा कोतवाली क्षेत्र के बरौधा निवासी निवासी प्रमोद (18), चुनार क्षेत्र के नुनौटी निवासी मुन्ना (60) और भोजपुर पहाड़ी गांव निवासी सूर्यबली (54) की मौत हो गई। विंध्याचल में बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के खलवा गांव निवासी अशोक कुमार द्विवेदी (57) की बाइक की टक्कर से जान चली गई।लालगंज कटरा कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर बामी पेट्रोल पंप के पास बाइकों की टक्कर में रणजीत (30) और लालजी (30) की मौत हो गई। इसी तरह क्षेत्र के दुबार खुर्द गांव में अनिल (26) की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे उसकी मौत हो गई। सोनभद्र में अलग-अलग सड़क हादसों में संदीप चौहान (20), विक्की चौहान (28), सुजीत चौहान उर्फ चिरागन (19), नीरज (25) , प्रिंस गुप्ता (18), रवि कुमार (23) और विनोद (55) की जान चली गई। सड़क दुर्घटनाओं ने मामा-भांजे और दरोगा सहित चार लोगों की मौत हो गई। सुजानगंज के पढ़ुआ गांव के पास शनिवार को दोपहर एक अज्ञात कार ने बाइक सवार मामा अनिल (28 ) और उसके भांजे संगम (21) को टक्कर मार दी। इससे दोनों की मौत हो गई। इसी तरह मछलीशहर में स्कूल से घर लौट रहे प्रबंधक जितेंद्र सिंह (38) की हादसे में मौत हो गई। पीडीडीयू नगर के राजकीय महिला चिकित्सालय के समीप शुक्रवार की दोपहर कार ने सड़क पार कर रही दो बालिकाओं को कुचल दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों को मामूली चोट बताकर चिकित्सक ने घर भेज दिया। घर जाने के कुछ देर बाद निशा (11) की तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मऊ में घोसी कोतवाली क्षेत्र के एरियासों गांव निवासी और एसी मेकेनिक ज्ञानेंद्र शर्मा (25 ) की बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई।

## होरियारों की टोलियां निकलीं, सबको रंगों से किया सराबोर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** जिले में शुक्रवार को धूमधाम से होली मनाई गई। शहर से गांव तक होली का उल्लास छाया गया। जगह-जगह ढोल और मंजीरे के साथ होरियारों की टोलियां निकलीं और सबको रंगों से सराबोर कर दिया।सड़कों और



गलियों में होरियारों ने जो भी दिखा, उसे दौड़ाकर रंग दिया। कई जगह, फाग, आरकेस्ट्रा और होली मिलन समारोह भी हुई। शाम को लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर होली की बधाई दी। नगर में फतहां, सिविल लाइन, रमईपट्टी, पुलिस लाइन रोड, स्टेशन रोड, भरुहना, संगमोहाल, अनगढ़ रोड, तेलियागंज, मुकेरी बाजार, लालडिग्गी, धुंधीकटरा, त्रिमुहानी, बसनई बाजार, घंटाघर, वासलीगंज, रामबाग, पक्कापोखरा सहित अन्य क्षेत्रों में होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पड़रीः थाना क्षेत्र के पड़री बाजार, डाढ़ीराम, कनौराघाट, बेलवन, सिकरी रामनगर, अमिरती, मोहनपुर, भरपुरा, पैड़ापुर, रानी चौकिया, अकसौली, नान्हूपुर, भोजपुर पहाड़ी, लोकापुर, छटहां, धरमदेवा आदि गांवों में होली खेली गई। जिगनाः छानबे क्षेत्र में होलिका का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जगह- जगह फगुआ, चैता, बेलवरिया गीतों का आयोजन किया गया। दोपहर बाद लोगों ने भांग, ठंड्ई के साथ ही गुझिया का आनंद उठाया। ड्रमंडगंजः दशहरा मैदान में आरएसएस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान आरएसएस खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी, ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता, सुरेश केशरी, अंजनी सोनी, लवकुश केशरी आदि रहे।

## चिकित्सकों के लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**सदर कोतवाली क्षेत्र के लोढी स्थित जिला अस्पताल एवं मेडिकल गया उधर हम ब्लड लेने चले गए तो मेरे परिवार का ऑपरेशन कर दिया गया फिर वापस आकर चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई मौके पहुंचे चौकी इंचार्ज संजय सिंह ने परिजन अस्पताल



कॉलेज एमसीएच बिंग परिसर में शनिवार को जच्चा बच्चा की मौत पर परी जिन्होंने किया हंगामा चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप पुलिस ने कराया मामले को शांत। जानकारी के अनुसार कृष्णा कुमारी 34 वर्षीय पत्नी विनोद कुमार निवासी मेरा राजा जो शनिवार की सुबह डिलीवरी करने हॉस्पिटल आए थे पति ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा ब्लड लेने के लिए हमें भेज दिया से वार्ता की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि के सीरियस है आप वाराणसी ले जाइए जब घर की महिलाएं वह अन्य लोग अंदर जाकर देखें तो जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो चुकी थी जिस पर महिलाओं ने परिजन हम परिजनों को बताया इस तरीके से लापरवाही करते हुए कार्य किया जा रहा है जिस परिजनों द्वारा जिला अस्पताल चौकी प्रभारी संजय सिंह को मामले में अवगत कराते हुए दोषी चिकित्सकों परिसर में विरोध जाता रहे थे जिनको समझा बूझकर परिजनों को शांत कराया और पंचनामा की कार्रवाई शुरू किया उधर बता दें कि चिकित्सकों के लापरवाही से आए दिन हॉस्पिटल में होती है मौत जिम्मेदार मौन अखिल कर कब रुकेगा मौत का यह खेल। उधर परिजनों ने बताया कि मामले में एप्लीकेशन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है।

## पति ने होली खेलने से मना किया तो पत्नी ने हाथ की नस काट ली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**राजगढ़।** क्षेत्र के एक गांव में होली न खेलने पर पति से नाराज हुई पत्नी ने हाथ की नस काट लिया। परिजन उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले गए। इसके बाद वहां से निजी अस्पताल चले गए। क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को युवक अपने पड़ोसियों के साथ होली खेलने के बाद जब घर लौटा तो उसकी पत्नी उसके साथ होली खेलने की जिद करने लगी। युवक ने पत्नी के साथ होली खेलने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर पत्नी कमरे में चली गई और चाकू से अपने हाथ की नस काट ली। लहूलुहान पत्नी को देख युवक और परिवार के सदस्यों के होश उड़ गए। आनन-फानन परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ पहुंचे। प्राथमिक उपचार कराने के बाद परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल चले गए।



## मान्यवर कांशीराम साहब की बसपाइयों ने मनाई जयंती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में 4 बामसेफ बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन नायक मान्यवर मसीहा कांशीराम साहब की जयंती पर जिलाध्यक्ष रामचंद्र रत्ना के नेतृत्व मे बढ़ौली चौराहे पर मान्यवर कांशीराम साहब को श्रद्धांजलि दी गई ।जिलाध्यक्ष रामचंद्र रत्ना ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन नायक मान्यवर बनाकर शासन चलाने का काम किया कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने का काम किया बहुजन समाज पार्टी अपने शासनकाल में सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के तर्ज पर पूरा शासन चलाने का काम किया।पूर्व जिलाध्यक्ष बी सागर ने कहा की मान्यवर मसीहा कांशीराम साहब ने शोषित वंचित समाज जो कभी अपनी आवाज नहीं उठा पाए थे कांशीराम साहब ने





मसीहा कांशीराम साहब की जयंती को बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया जा रहा है मान्यवर मसीहा कांशीराम साहब ने बहुजन समाज पार्टी को बनाकर दलित शोषित वंचित समाज के लिए एक प्लेटफार्म देने का काम किया जहां पर शोषित वंचित समाज अपनी आवाज उठा सकता है देश के कोने-कोने तक साइकिल चलाकर कांशीराम साहब ने लोगों को जगाने का काम किया और लोगों के हक अधिकार के बारे में बताने का काम जो आज बहुजन समाज पार्टी भारत में देश के तीसरी राष्ट्रीय पार्टी में अपना स्थान रखती है बहन कुमारी मायावती की नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार ऐसे समाज को हुक्मरान बनाने का काम किया और एहसास दिलाया कि कमजोर से कमजोर व्यक्ति भी इस देश का हुक्मरान बन सकता है बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के रास्ते पर चलकर कांशीराम साहब ने क्रांति लाने का काम किया और बहुजन समाज पार्टी संतो गुरु महापुरुषों के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है । इस मौके पर राजकुमार वर्मा मनोज कुशवाहा कृष्ण कुमार उर्फ टांम बाबा गिरी प्रेमनाथ गौतम बलवंत रंगीला अमन मौर्य रविंद्र भारती पन्नालाल बी वी एफ रंजीत भारती रिंकू सरदार आदि लोग मौजूद थे।

## पंचायत भवन और कोटे के ताले चटकाए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**जमालपुर।** क्षेत्र के मदरा गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने पंचायत भवन के कमरे का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान और राशन की दुकान से करीब 75 क्विंटल खाद्यान्न उठा ले गए। शनिवार को सुबह चोरी की घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। क्षेत्र के मदरा गांव के पंचायत भवन में घुसे चोर कमरे का ताला तोड़कर कंप्यूटर, इनवर्टर, बैटरी, सोलर पैनल उठा ले गए। वहीं, कोटेदार सुशीला सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पंचायत भवन के अतिरिक्त कक्ष में उसकी सरकारी राशन की दुकान है। चोर दुकान का ताला तोड़कर करीब 35 क्विंटल चावल, 40 क्विंटल गेंहू, एक क्विंटल चीनी उठा ले गए। बताया कि मार्च का राशन वितरित करने के लिए अतिरिक्त कक्ष में रखा था। थानाध्यक्ष विजय सरोज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। एक सप्ताह पहले भदावल पंचायत भवन में हुई चोरी का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर सकी है।

## रेनू सागर प्रबंधन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अनपरा सोनभद्र।**होली के दिन हिण्डालको रेनुसागर के प्रेक्षागृह



स्थित फीनिक्स क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह शुभारम्भ के पूर्व क्लब के सचिव सुधाकर अन्नामलाई द्वारा मुख्य अतिथि हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह एवं सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली मिलन समारोह के बहाने हम सभी लोग आज यहां उपस्थित हुए हैं। हम सभी को ऐसे कार्यक्रम से यह सीख लेनी चाहिए कि जिस प्रकार हम सभी ऐसे पर्व को मिलजुलकर मनाने के बहाने आपसी सौहार्द एवं प्रेमभाव से पहुंचते हैं। इसी तरह जीवन में भी एक दूसरे के साथ भाईचारे की भावना को और अधिक मजबूत बनाते हुए परस्पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशियों का इजहार करें। इस अवसर पर कमोवेश सभी विभागाध्यक्षों एवं सहकर्मियों ने भी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली खेली तथा ढोल मजीरे की थाप पर होली के दिवानों,मस्तानों ने फाग गीत गाकर खूब थिरके व क्लब द्वारा आयोजित ठंडई इमरती,दही बड़ा,छोला व गोझिया का लुत्फ उठाया तथा एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी। वही सुमंगलम भवन में भी बड़े धूमधाम से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का संचालन मान्यता प्राप्त श्रम संगठन के पदाधिकारी विजय झा ने किया। तत्पश्चात शाम को होली मिलन का कार्यक्रम रेनू सागर के मुखिया श्री आर.पी सिंह जी के आवास पर रखा गया । जिसमें मान्यता प्राप्त संगठन के तीनों पदाधिकारी मौजूद रहे।इस अवसर पर ,मनीष जैन , नवींद्र पाठक दीपक पांडेय,विभु पात्रा,मनीष सिंह,अरविंद सिंह,सौम्या मिश्रा, रोहित सक्सेना,सदानन्द पांडेय,आर के बर्मा,संजीव श्रीवास्तव, संतोष तिवारी, रंजीत सिंह,अनिल सिंह,निर्दोष सिंह,सुभाष प्रजापति, अजय झा,राम झा एवं बहुत सारे लोग वहां उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने मनाया गरीबों के मसीहा कांशीराम की जयंती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर गरीबों के



मसीहा कांशीराम की जयंती मनाई गई और उनके चित्र पर पुष्प प्रति अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया गया ।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि गरीबों के मसीहा कांशीराम महान नेता थे जो हमेशा गरीबों मजदूरों नौजवानों एवं शोषितों की लड़ाई लड़ने का काम किया और उन्हें आरक्षण का अधिकार दिला कर उन्हें आगे बढ़ने का काम किया और अपने जीवन काल में हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ने का काम किया ?। उन्हीं के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज गरीबों नौजवानों किसानों मजदूर पिछड़ों आदिवासियों की लड़ाई सदन तक लड़ने का काम कर रहे हैं । इसलिए हम समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि कांशीराम जी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का काम करें । संगोष्ठी को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी अनिल प्रधान नगर पालिका रावटसगंज के अध्यक्ष सरदार पारब्रह्म सिंह घोरावल विधानसभा के अध्यक्ष बाबूलाल यादव जिला उपाध्यक्ष त्रिपुरारी गौड़ डॉक्टर लोकपति सिंह सुरेश पटेल यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सत्यम पांडे लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष जयूतेश गौतम छात्र सभा के जिला अध्यक्ष पवन पटेल जितेंद्र कुमार उमर आदिल अंसारी अफरोज खान सुरेश पटेल सौर्य त्रिपाठी मिथिलेश सिंह के साथ दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## दुनियां में है सबसे प्यारा भारत देश हमारा :कौशल्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** गौरैया उत्सव ट्रस्ट सोनभद्र की ओर से संयोजक आशीष पाठक एडवोकेट के नगर स्थित आवास पर होलिकोतसव कवि गोष्ठी का आयोजन डा, श्री प्रकाश पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।वाणी वंदना करते हुए दिवाकर द्विवेदी मेघ ने मां शारदे वर दे हमें तव स्मरण करते रहें सुनाकर वंदना किया साथ ही वसंतोत्सव पर अपनी रचना शतरूपा के श्रृंगार दिवस मधुमास तेरा है अभिनंदन सुनाकर वाहवाही बटोरी ।ओज की सशक्त कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान ने, दुनियां में है सबसे प्यारा भारत देश हमारा सुनाकर राष्ट्र वंदना किया। संचालक अशोक तिवारी ने जकड़ रहे हैं सवाल मुझको निगल न जाए ए जाल हमको सुनाया और गंभीर शायरी किया। प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट निदेशक शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र ने श्रृंगार की रचना,मीरा मोहन सी प्रीत लिख देना सबके होंठों पर गीत लिख देना मार मादक मगन वियोगिनि हिय साथ साजन हो जीत लिख देना सुनाया और वाहवाही बटोरी।जै राम सोनी ने अइसन होली के मौसम फगुनाहट फागुन में बुढ़वा देवर लागै सुनाया और देर तक हंसाते रहे। दयानंद दयालू ने समसामयिक रचना विरहन की पीर ,विरहन विरह में पड़ निहारे हो रामांअइले ना सजनवा सुनाकर करुण रस का संचार किया। सुधाकर पांडेय स्वदेश ने आओ मेरी बाहों में समां मेरी बाहों में,होली पर रचना सुनाकर श्रोताओं को लुभाया। धर्मेश चौहान एडवोकेट ने सदा ही चमके आफताब सा अपना देश महान सुनाया और भारत भारती को नमन किये। अध्यक्षता करते हुए श्री प्रकाश पाठक ने होलिका दहन प्रहलाद का संदर्भ लेकर समसामयिक व्याख्यान देकर बुराई पर अच्छाई की जीत की उपयोगिता से सदभाव एकता राष्ट्रीयता समरसता का संदेश दिया और सभी कवियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर फारुख अली हाशमी रिषभ त्रिपाठी पुरुषोत्तम कुशवाहा देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी इंजीनियर डाक्टर चंद्रभूषण देव पाण्डेय उमानाथ पांडेय डा, संतोष केसरी आदि लोग देर शाम तक जमे रहे।



## सांसद छोटेलाल सिंह खरवार के साथ हुए अभद्र व्यवहार सपा पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी: राम निहोर यादव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर प्रेस वार्ता करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला



अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि जनपद चंदौली की दिशा की बैठक में उपसभापति के हैसियत से चकिया क्षेत्र के होने के कारण भाग लिए ।बैठक में भाजपा के माफिया विधायकों द्वारा चंदौली जनपद के उच्च अधिकारियों के सामने खुलेआम धमकी दी गई। इसके बावजूद भी उच्च अधिकारी मौन धारण बैठे रहे ।इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार में माफियाओं का ही बोलबाला है । वहीं भाजपा विधायकों द्वारा जनपद सोनभद्र में अवैध खनन किया जा रहा है और बड़े पैमाने पर अवैध खनन में लिप्त है । इन खनन माफियाओं से जनपद सोनभद्र की आम जनमानस में काफी आक्रोश है ।दलीत सांसद के साथ इस तरह के व्यवहार से पीडीए के लोग आहत है ।पूर्व की सरकार में इन माफियाओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था, लेकिन जब से केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से फिर से माफियाओं का आतंक चरम सीमा पर है । अगर रावटसगंज के सांसद के साथ कुछ घटना घटित होती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी । हम प्रशासन से मांग करते हैं कि उन माफियाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए । इसके साथ ही साथ रावटसगंज के सांसद छोटेलाल सिंह खरवार को वाई श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था कराया जाए । यदि भाजपा सरकार और जिला प्रशासन तत्काल आवश्यक कार्यवाही नहीं करती है तो समाजवादी पार्टी जनपद सोनभद्र सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार एवं जिला प्रशासन की होगी । इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष पवन पटेल नगर पालिका रावटसगंज के नगर अध्यक्ष सरदार पारब्रह्म सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सत्यम पांडे लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष ज्यूतेष गौतम घोरावल विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव जिला उपाध्यक्ष डा0 लोकपति सिंह पटेल त्रिपुरारी गौड़ सुरेश पटेल आदितद अंसारी जितेंद्र कुमार उमर अफरोज खान सुरेश पटेल सौर्य त्रिपाठी मिथिलेश सिंह के साथ दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## पिकनिक मनाने गया युवक नदी में डूबा, दूसरे दिन मिली लाश; मातम में बदल गईं त्योहार की खुशियां

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जोरकहू पिकनिक स्पॉट पर युवक शनिवार को पिकनिक मनाने गया था। नहाते वक्त उसका पैर फिसला और वह नदी में चला गया। दूसरे दिन गोताखोरों ने उसकी लाश निकाली तो परिजनों में कोहराम मच गया। सोनभद्र के विंढमगंज थाना अंतर्गत कनहर नदी के जोरकहू पिकनिक स्पॉट में शनिवार को परिजनों के साथ पिकनिक मनाने गया एक युवक डूब गया था, जिसका दूसरे दिन रविवार की सुबह आठ बजे नदी में शव उतराया हुआ मिला। सुबह गोताखोर व स्थानीय लोगों की मदद से प्रशासन ने शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। बताया जा रहा हैं कि आदर्श कुमार (27) पुत्र दिनेश कुमार, निवासी ग्राम जाबर, अपने परिवार और कुछ परिचितों के साथ शनिवार को दोपहर में जोरकहू पिकनिक मनाने गया था। वह नदी में नहाने के लिए उतरा, लेकिन देखते ही देखते वह गहरे पानी में चला गया। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, वह डूबने लगा। लोगों ने उसे बचाने के लिए नदी में छलांग भी लगाई, लेकिन तब तक आदर्श लापता हो चुका था। पुलिस की मौजूदगी में युवक आदर्श को खोजने में जुट गए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने घंटों सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन अंधेरा होने की वजह से देर रात तक युवक का शव बरामद नहीं हो सका था। रविवार की सुबह नदी में शव उतराया हुआ दिखा, जिसे बाहर निकाल लिया गया, थाना प्रभारी ने पंचनामा भरकर शव दुद्धी पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। परिजनों के मुताबिक, आदर्श इलाहाबाद में रहकर पढ़ाई कर रहा था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।

# स्पोर्ट्स





## हरमनप्रीत ने दूसरी बार मुंबई इंडियंस को बनाया विजेता, दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीसरी बार खिताब से चूकी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण का खिताबी मुकाबला शनिवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बना सकी। इस तरह मुंबई ने दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले हरमनप्रीत कौर की टीम ने दिल्ली को पहले संस्करण के फाइनल में हराकर ट्रॉफी अपने साइका इशाक को एक-एक सफलता मिली। इस मैच में मुंबई के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। नेट सिवर ब्रंट और हरमनप्रीत कौर के अलावा उनका कोई बल्लेबाज दिल्ली



बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 149 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 141 रन ही बना सकी। इस तरह मुंबई ने दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। नेट सिवर ब्रंट के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर फाइनल मैच जीत लिया। इसी के साथ मुंबई एक बार फिर महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने में कामयाब हुई। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण का खिताबी मुकाबला शनिवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 149 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 141 रन ही नाम की थी। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को उसके बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। टीम ने महज 44 के स्कोर पर चार विकेट गंवाए। कप्तान मेग लैनिंग 13 और शेफाली वर्मा सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद जेस जोनासन को अमेलिया कर ने यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 13 रन बना सकीं। दिल्ली के लिए मारिजन कप ने सर्वाधिक 40 रनों की पारी खेली। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 30 रन बनाए। वहीं, एनाबेल सदरलैंड दो, सारा ब्राइस ने पांच, मिन्नू मणि ने चार रन बनाए। निकी प्रसाद 25 और श्री चरणी तीन रन बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई के लिए नेट सिवर ब्रंट ने तीन जबकि अमेलिया कर ने दो विकेट लिए। वहीं, शबनम इस्माइल, हीली मैथ्यूज और की घातक गेंदबाजों के खिलाफ नहीं टिक सका। टीम ने 14 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। मारिजन कप ने हीली मैथ्यूज (3) और यास्तिका भाटिया (8) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद ब्रंट और कप्तान कौर ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 62 गेंदों में 89 रनों की साझेदारी हुई। श्री चरणी ने इंग्लैंड की ऑलराउंडर को मिन्नू मणि के हाथों कैच कराया। वह 30 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, भारतीय बल्लेबाज ने 44 गेंदों में 66 रन बनाए। उनके अलावा अमेलिया कर दो, जी कमालिनी 10, अमनजोत कौर ने 14ङ और संस्कृति गुप्ता ने आठङ रन बनाए। सजीवन सजना खाता भी नहीं खोल सकीं। दिल्ली के लिए मारिजन कप, जेस जोनासन और श्री चरणी को दो-दो विकेट मिले जबकि एनाबेल सदरलैंड को एक सफलता मिली।

## ओलंपिक 2028 में विराट करेंगे संन्यास से वापसी कोहली ने दिया बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में 128 सालों बाद क्रिकेट भी शामिल होने जा रहा है। आखिरी बार साल 1900 में ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच क्रिकेट बार फिर ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी होने जा रही है। इस पर अब पूर्व भारतीय कप्तान ने बात की। उन्होंने आरसीबी इनोवेशन लैब भारतीय खेल शिखर सम्मेलन में बात करते हुए कहा कि ओलंपिक



मुकाबला खेला गया था। जिसमें ब्रिटेन ने फ्रांस को 158 रनों से जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। अब एक बार फिर ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी होने जा रही है भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कैंप से जुड़ गए। वह 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के 18वें सत्र में खेलते नजर आएंगे। इस दौरान दिग्गज खिलाड़ी ने क्रिकेट की लोकप्रियता और ओलंपिक 2028 में इस खेल के शामिल होने पर बात की। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में कई टी20 टूर्नामेंट खेले जा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण आईपीएल है। उसकी वजह से क्रिकेट को ओलंपिक में जगह मिली है। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में 128 सालों बाद क्रिकेट भी शामिल होने जा रहा है। आखिरी बार साल 1900 में ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच क्रिकेट मुकाबला खेला गया था। जिसमें ब्रिटेन ने फ्रांस को 158 रनों से जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। अब एक में क्रिकेट की वापसी एक सुखद अनुभव होगा। वहीं, जब किंग कोहली से सवाल किया गया कि क्या वह टी20 क्रिकेट में संन्यास से वापसी करेंगे? इस पर उन्होंने मजाकिया अंदाज में जवाब देते हुए कहा कि, 'नहीं! ओलंपिक के लिए? शायद? अगर हम स्वर्ण पदक के लिए खेल रहे हैं, तो मैं एक खेल के लिए वापस आ सकता हूं। पदक जीतो और घर वापस आओ। यह बहुत अच्छी बात है। ओलंपिक चैंपियन बनना एक शानदार एहसास होगा।' टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद रोहित, विराट और रवींद्र जडेजा ने इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था। भारतीय टीम को दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद स्टार खिलाड़ियों ने टी20 से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। आरसीबी इस बार रजत पाटीदार की अगुआई में खेलने उतरेगी, लेकिन फ्रेंचाइजी को अभी भी पहले आईपीएल के खिताब का इंतजार है।

## आईपीएल का पहला मैच नहीं खेल सकेंगे हार्दिक पांड्या, पिछले संस्करण की गलती के कारण लगा प्रतिबंध

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर धीमी ओवर गति के कारण बीसीसीआई ने उन पर 30 लाख का जुर्माना और एक मैच का निलंबन लगाया था। आईपीएल ने बयान में बताया कि हार्दिक पर आईपीएल की आचार संहिता के आईपीएल 2024 में मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर धीमी ओवर गति के कारण बीसीसीआई ने उन पर 30 लाख का जुर्माना और एक मैच का निलंबन लगाया था। आईपीएल ने बयान में बताया कि हार्दिक पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 30 लाख रुपये के जुर्माना के अलावा एक मैच का बड़ा बदलाव करते हुए हार्दिक पांड्या को गुजरात टाइटंस से ट्रेड कर टीम में शामिल किया था। हार्दिक लंबे समय तक मुबंई का हिस्सा रहे थे, लेकिन 2022 सीजन के लिए हुई बड़ी नीलामी से पहले मुंबई ने उन्हें रिलीज कर दिया था और हार्दिक को गुजरात ने अपना कप्तान बनाया। हार्दिक



उल्लंघन के मामले में 30 लाख रुपये के जुर्माना के अलावा एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया है। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या आईपीएल 2025 का पहला मुकाबला नहीं खेल पाएंगे। उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। बता दें कि, आईपीएल के 18वें सत्र की शुरुआत 22 मार्च से होगी। मुंबई अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इस मैच में स्टार ऑलराउंडर नहीं खेलेंगे। पिछले संस्करण में हुई गलती के कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें सजा सुनाई है।दरअसल, प्रतिबंध भी लगाया गया है। जब बोर्ड ने यह कार्रवाई की थी तब मुंबई का कोई मैच नहीं बचा था और टीम ग्रुप चरण में अपने सभी 14 मैच खेल चुकी थी, ऐसे में हार्दिक पर यह निलंबन अगले सीजन लागू होने की बात कही गई थी। अब वह 2025 सीजन का पहला मैच नहीं खेल सकेंगे। उस वक्त आईपीएल ने बयान में बताया था कि हार्दिक के अलावा प्लेइंग-11 में शामिल टीम के अन्य खिलाड़ियों पर 12 लाख रुपये या मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना इंपैक्ट प्लेयर पर भी लागू होगा।आईपीएल 2024 सीजन से पहले मुंबई ने टीम में का गुजरात के साथ सफर काफी शानदार रहा और उन्होंने टीम को पहले ही सीजन विजेता बनाया, जबकि गुजरात पिछले सीजन उपविजेता रही। हालांकि आईपीएल 2024 से पहले ही हार्दिक ने गुजरात का साथ छोड़कर पुरानी फ्रेंचाइजी में लौटने का फैसला किया। हार्दिक को मुंबई ने रोहित की जगह कप्तान बनाया, लेकिन उनके नेतृत्व में मुंबई का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। मुंबई की टीम 14 मैचों में चार जीत और 10 हार के साथ आठ अंक लेकर सबसे नीचे 10वें नंबर पर रही।

## मुंबई की धाकड़ बल्लेबाज के सिर पर सजी ऑरेंज कैप, बनाए 500 रन; न्यूजीलैंड की इस गेंदबाज ने जीती पर्पल कैप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**नेट सिवर ब्रंट के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर फाइनल मैच जीत लिया। इसी के साथ मुंबई एक बार फिर महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने में कामयाब हुई। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण का खिताबी मुकाबला शनिवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 149 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 141 रन ही बना सकी। इस तरह मुंबई ने दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले हरमनप्रीत कौर की टीम ने दिल्ली को पहले संस्करण के फाइनल में हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।आईपीएल की तरह महिला प्रीमियर लीग में भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज को फाइनल के बाद ऑरेंज कैप दी जाती है। इस मामले में शीर्ष पर मुंबई इंडियंस की धाकड़ बल्लेबाज नेट सिवर ब्रंट रहीं। इंग्लैंड की 32 वर्षीय खिलाड़ी ने 10 पारियों में पांच अर्धशतकों की मदद से 523 रन बनाए। मौजूदा सीजन में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 80ङ का रहा। दूसरे स्थान पर आरसीबी की एलिस पेरी रहीं जिन्होंने 372 रन बनाए।जिस तरह से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज को ऑरेंज कैप थमाई जाती है ठीक उसी तरह टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाली गेंदबाज पर्पल कैप की दावेदार होती है। न्यूजीलैंड की 24 वर्षीय ऑलराउंडर अमेलिया कर ने अपनी साथी खिलाड़ी हीली मैथ्यूज को पीछे छोड़कर पर्पल कैप हासिल कर ली। वह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहीं। उन्होंने 7.75 के इकोनॉमी रेट से 18 विकेट हासिल किए । वहीं, मुंबई की हीली 8.22 इकोनॉमी से 18 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर रहीं।





## सनराइजर्स हैदराबाद के लिए राहत की खबर, नीतीश रेड्डी ने पास किया फिटनेस टेस्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हैदराबाद ने आईपीएल 2025 से पहले नीतीश को छह करोड़ रुपये में रिटेन किया था। नीतीश ने पिछले सीजन 13 मैचों में 143 के स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए थे। नीतीश ने भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भी प्रभावित किया था। आईपीएल 2025 से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए राहत की खबर आई है। उसके ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी साइड स्ट्रेन से उबर गए हैं और उन्होंने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। नीतीश जल्द ही टीम से जुड़ेंगे। नीतीश चोट के कारण जनवरी से मैदान से बाहर चल रहे हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, नीतीश ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में यो-यो टेस्ट सहित



सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं और फिजियो ने उन्हें आईपीएल में खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है। आंध्र प्रदेश के 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने भारत के लिए आखिरी बार 22 जनवरी को मुकाबला खेला था। नीतीश इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले के लिए भारतीय टीम में शामिल थे, लेकिन उन्होंने मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं की थी। चेन्नई में हुए दूसरे टी20 से पहले नीतीश ने नेट्स पर अभ्यास किया था, लेकिन चोट के कारण वह पांच मैचों की सीरीज के शेष मैचों से बाहर हो गए थे। हैदराबाद ने आईपीएल 2025 से पहले नीतीश को छह करोड़ रुपये में रिटेन किया था। नीतीश ने पिछले सीजन 13 मैचों में 143 के स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए थे। नीतीश ने भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भी प्रभावित किया था और मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में 114 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी। माना जा रहा है कि नीतीश जल्द से जल्द हैदराबाद टीम से जुड़ेंगे। आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है और गत उपविजेता टीम अपने अभियान की शुरुआत 23 मार्च को हैदराबाद में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्‍ रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## टी20 के बाद वनडे से भी संन्यास लेंगे विराट कोहली दिग्गज ने दिया चौंकाने वाला जवाब, कही बड़ी बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद कयास लगाए जा रहे थे किंग कोहली वनडे से संन्यास का एलान कर देंगे। हालांकि, अब उन्होंने इन अफवाहों को खारिज कर दिया है। दिग्गज खिलाड़ी ने बताया कि वह अभी संन्यास के विषय में नहीं सोच रहे हैं। वह खेल का लुत्फ उठा रहे हैं। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे क्रिकेट से संन्यास नहीं लेंगे। उन्होंने खुद इस बात का खुलासा किया है। दिग्गज खिलाड़ी ने बताया कि वह अभी संन्यास के विषय में नहीं सोच रहे हैं। वह खेल का लुत्फ उठा रहे हैं और उनके अंदर की 'प्रतिस्पर्धात्मक प्रवृत्ति' पूरी तरह बरकरार है। बता दें कि, हाल ही में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद कयास लगाए जा रहे थे किंग कोहली वनडे से संन्यास का एलान कर देंगे। हालांकि, अब उन्होंने इन अफवाहों को खारिज कर दिया है। कोहली चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान शानदार फॉर्म में नजर आए थे और उन्होंने पांच मैचों में 54.50 के औसत से 218 रन बनाए थे जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जड़कर भारत को जीत दिलाई थी। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के आखिरी मैच में सस्ते में आउट हुए। कोहली ने फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में 84 रन बनाए और भारत को खिताबी मैच में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वनडे से संन्यास पर बात करते हुए अनुभवी बल्लेबाज ने कहा- 'घबराइए मत। मैं कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं। अभी तक सब कुछ ठीक है। मुझे अभी भी गेम खेलना पसंद है।' इस दौरान विराट ने बताया कि उन्होंने अपने संन्यास को लेकर पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से चर्चा की थी। उन्होंने कहा- 'आप जानते हैं कि प्रतिस्पर्धी प्रवृत्ति आपको (रिटायरमेंट के सवाल का) जवाब खोजने की अनुमति नहीं देती है। इस बारे में मेरी राहुल द्रविड़ के साथ बहुत ही दिलचस्प बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि आपको हमेशा खुद से जुड़े रहना चाहिए। अपने जीवन में आप कहां हैं, इसका पता लगाएं और इसका जवाब इतना आसान नहीं है। हो सकता है कि आप एक बुरे दौर से गुजर रहे हों और आपको लगे कि अब यही है। लेकिन ऐसा नहीं हो सकता। लेकिन फिर जब समय आएगा तो मेरी प्रतिस्पर्धी प्रवृत्ति मुझे इसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगी। शायद एक और महीना। शायद छह और महीने। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक बढ़िया संतुलन है। अपने जीवन के इस समय में मैं बहुत खुश महसूस कर रहा हूं।'चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब दाएं हाथ के बल्लेबाज आईपीएल में खेलेंगे। वह शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कैंप से जुड़ गए। कोहली की नजरें अब आईपीएल में जलवा बिखेरने पर हैं। कोहली चाहेंगे कि चैंपियंस ट्रॉफी की फॉर्म आईपीएल में भी बरकरार रहे। कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और उनकी नजरें ऑरेंज कैप के साथ ही पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर होगी।



## सम्पादकीय

### भारतीय पैंगोलिन का अद्भुत संसार, पर खतरे में है 'प्रकृति का संतुलनकर्ता'

पैंगोलिन को ठप्रकृति का संतुलनकर्ताठ कहना बिना वजह नहीं है। यह स्तनधारी जंगलों में चींटियों और दीमकों की जनसंख्या का नियंत्रण करता है। हालांकि, आज यह अद्भुत प्राणी गंभीर खतरे का सामना कर रहा है। शिकार और अवैध व्यापार के कारण भारतीय पैंगोलिन की जनसंख्या निरंतर घटती जा रही है। जैसे ही सर्दियों का मौसम आता है, सभी जीव अपनी-अपनी तैयारी में व्यस्त हो जाते हैं। कुछ भोजन इकट्ठा करते हैं, जबकि अन्य अपने शरीर को सर्दी से सुरक्षित रखने के विशेष उपाय करते हैं। इस बीच, भारतीय पैंगोलिन, जिसे आमतौर पर ठचिंटीखोरठ के नाम से जाना जाता है, एक ऐसा अद्वितीय जीव है जो सबका ध्यान आकर्षित करता है। यह न केवल प्रकृति का एक मूल्यवान अंग है, बल्कि अपनी अद्भुत आदतों और जीवनशैली से विज्ञान और वन्यजीव प्रेमियों को भी आश्चर्यचकित कर देता है। जब आप पहली बार भारतीय पैंगोलिन को देखते हैं, तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी ने कवच पहने हुए छोटे डायनासोर को जीवंत कर दिया हो। इसके शरीर पर केराटिन से बने कठिन और मज़बूत शल्क होते हैं, जो इसे शिकारियों से सुरक्षित रखते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह शांत और शर्मीला जीव अपनी दुनिया में खोया रहता है, मानो ठंडी सर्दी की रातों का आनंद ले रहा हो। भारतीय पैंगोलिन दिन के बजाय रात का जीव है, जो दिन के समय गहरी मिट्टी में स्थित अपने बिल में विश्राम करता है। जैसे ही रात का अंधेरा छाता है, वह बाहर निकलकर भोजन की खोज करता है। ठंडी सर्दियों में, जब तापमान गिरता है, तो यह अपने ठिकाने को और गहरा कर लेता है, जिससे वह ठंडी हवाओं से बचा रहता है। इसका आश्रय न केवल ठंड से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि शिकारियों से भी इसे सुरक्षित रखता है। यह अपने आहार के लिए चुपचाप निकलता है, जिसमें मुख्य रूप से चींटियां और दीमक शामिल होते हैं। पैंगोलिन की लंबी और चिपकने वाली जीभ इन्हें पकड़ने में विशेष रूप से प्रभावी होती है। भोजन करने की उसकी प्रक्रिया अद्वितीय है: वह अपने शक्तिशाली पंजों का प्रयोग करते हुए दीमकों के बिल्लों और चींटियों के अंडों को बाहर निकालता है और फिर अपनी जीभ की मदद से उन्हें खाना शुरू करता है। अब यह सोचने वाली बात है कि सर्दियों में, जब चींटियों और दीमकों की संख्या घट जाती है, तो वह क्या करता है। लेकिन पैंगोलिन का शरीर इस परिवर्तित परिस्थिति के लिए अनुकूलित है, जिससे वह सीमित भोजन के साथ भी जीवित रहने की क्षमता रखता है।पैंगोलिन को ठप्रकृति का संतुलनकर्ताठ कहना बिना वजह नहीं है। यह स्तनधारी जंगलों में चींटियों और दीमकों की जनसंख्या का नियंत्रण करता है। यदि पैंगोलिन न हो, तो ये छोटे जीव तेजी से इढ्ढी कर सकते हैं, जिससे फसलों और पेड़ों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इस प्रकार, पैंगोलिन का अस्तित्व न सिर्फ जंगलों, बल्कि कृषि क्षेत्रों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि, आज यह अद्भुत प्राणी गंभीर खतरे का सामना कर रहा है। शिकार और अवैध व्यापार के कारण भारतीय पैंगोलिन की जनसंख्या निरंतर घटती जा रही है। इसकी खाल और शल्क का उपयोग पारंपरिक दवाओं और गहनों में होता है, जिससे यह शिकारियों के लिए एक प्रमुख लक्ष्य बन गया है। यह निंदनीय है कि इस शांति प्रिय जीव को मानव की लालच के कारण अपनी जान खोनी पड़ रही है।यदि आपको लगता है कि पैंगोलिन केवल चींटियों का सेवन करता है, तो आप गलत हैं। इसकी अन्य आश्चर्यजनक विशेषताएं भी हैं। अपने बचाव के लिए, पैंगोलिन अपने आपको एक गेंद की तरह लपेट लेता है। इसके कठोर कवच इसे शिकारियों से सुरक्षित रखने का एक प्रभावशाली उपाय है। यह अपनी लंबी जीभ का उपयोग करके अधिक खाना खा सकता है, जिसकी लंबाई कभी-कभी उसके शरीर से भी अधिक होती है! पैंगोलिन अपने पंजों का उपयोग करता हुए इतनी तेजी से जमीन में खुदाई करता है कि वह कुछ ही मिनटों में गहरी सुरंग बना लेता है। भारतीय पैंगोलिन न केवल हमारी जैव विविधता का हिस्सा है, बल्कि यह पर्यावरण को संतुलित रखने में भी मदद करता है। हमें इस जीव को बचाने के लिए जागरूक होना होगा। सरकार और गैर-सरकारी संगठन इसे बचाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन जब तक आम लोग इसमें भागीदारी नहीं करेंगे, तब तक यह अद्भुत जीव खतरे में रहेगा। अगर हम इसे बचाना चाहते हैं, तो हमें इसके बारे में अधिक से अधिक जानकारी फैलानी होगी। इसके प्राकृतिक आवास को बचाना और अवैध शिकार को रोकना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# नाकामी की पोल खोलता नदियों का प्रदूषण, राजनीति इच्छाशक्ति बढ़ाना होगा

जलशक्ति मंत्रालय की ओर से संसद में दी गई यह जानकारी निराश करने वाली है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने का काम सही तरह नहीं हो पा रहा है। यह स्वीकारोक्ति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि एक लंबे समय से कहा जा रहा है कि नदियों में सीवरों का गैर शोधित पानी नहीं गिरने दिया जाएगा। बीते दिनों संसद में दी गई जानकारी से यह पता चल रहा है कि सीवेज सिस्टम की खामी से नदियों को प्रदूषण मुक्त करने में बाधा आ रही है। 2014 में मोदी सरकार ने सत्ता में आने के साथ ही जब गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करने का अभियान नए सिरे से शुरू किया और इसके लिए एक नई व्यवस्था बनाई, तब यह उम्मीद बंधी थी कि इस नदी को प्रदूषण मुक्त करने के साथ अन्य नदियों को प्रदूषित होने से रोकने में सफलता मिलेगी, लेकिन स्थिति यह है कि अभी गंगा को भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं किया जा सका है नदियों में सीवरों और गंदे नालों का पानी बिना शोधित किए न जाने पाए, यह देखने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों और उनके नगर निकायों की है, लेकिन वे इसमें कोताही बरत रहे हैं। इसी का नतीजा है कि अभी भी नदियों का प्रदूषण जारी है। इसका कारण यह है कि जहां सीवेज शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे हैं, वहीं अनेक शहरों के गंदे नाले अभी तक इन संयंत्रों से नहीं जोड़े जा सके हैं। दुनिया के अन्य देशों की तरह अपने देश में भी तमाम शहर नदियों किनारे बसे हुए हैं। समय के साथ नदियों के तट पर आबादी का घनत्व भी बढ़ रहा है। इस आबादी के एक बड़े हिस्से के पास सीवेज सिस्टम नहीं है, क्योंकि वह अनधिकृत कॉलोनियों में अधिक रहती है। इसके अलावा शहरों का जो सीवेज सिस्टम है, वह पुराना पड़ चुका है। समस्या इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि सीवेज सिस्टम पर्याप्त



क्षमता के नहीं हैं। वे सीवरों का पूरा गंदा पानी शोधित नहीं कर पाते। इसके चलते सीवरों का गैर शोधित पानी सीधे नदियों में जाता है। यह स्थिति महानगरों में भी है। पिछले दिनों दिल्ली में सत्ता बदलने के बाद से यमुना की सफाई पर खूब चर्चा हो रही है। चुनाव में यमुना का प्रदूषण एक राजनीतिक मुद्दा बन गया था। हालांकि आम आदमी पार्टी सरकार भी यमुना को साफ करने की बात करती थी, लेकिन वह नाकाम रही। इसका एक कारण राज्य और केंद्र सरकार का झगड़ा भी रहा। इस झगड़े की वजह से यमुना की सफाई प्राथमिकता नहीं बन सकी। शायद ही कोई दल हो, जो नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने की बात न करता हो, लेकिन इसके बाद भी वे प्रदूषित बनी हुई हैं। यह राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को दर्शाता है। नदियों के प्रदूषित होने का एक बड़ा कारण नगर नियोजन से संबंधित नौकरशाही का नकारापन भी है। नौकरशाही ने नदियों किनारे होने वाली अनियोजित बसाहट को रोकने में उदासीनता का ही परिचय दिया है। उन्होंने इसे लेकर सरकारों को आगाह भी नहीं किया। नदियों के प्रदूषण में नौकरशाही की भूमिका पर कभी कोई ठोस चर्चा नहीं हुई। अच्छा हो कि सरकार इस पर कोई श्वेतपत्र लाए कि नदियां क्यों प्रदूषित हैं? श्वेतपत्र में इसका भी उल्लेख किया जाए कि जब नदियों किनारे बसाहट हो रही था, तब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी बढ़ती आबादी के लिए उपयुक्त सीवेज सिस्टम का निर्माण क्यों नहीं करा रहे थे? यदि यह मान लिया जाए कि पहले इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आखिर इसका क्या मतलब कि अब भी ध्यान न दिया जाए। एक ऐसे समय जब केंद्र के साथ राज्य सरकारों की ओर से नदियों को साफ करने के दावे किए जा रहे हैं, तब सीवेज सिस्टम में सुधार न हो पाना, गंदे नालों का सीवेज शोधन संयंत्रों से न जुड़ पाना और इन संयंत्रों का पूरी क्षमता से काम न कर पाना चकित करता है अरबों रुपये सीवेज व्यवस्था को दुरुस्त करने में खर्च किए जा चुके हैं, पर यही तथ्य बार-बार सामने आता है कि यह व्यवस्था अपर्याप्त और असंतोषजनक है। सीवेज व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बनाए गए कई सीवेज शोधन संयंत्र एक-दो साल चलने के बाद ही बंद हो जाते हैं। आज उन अनेक शहरों की सीवेज व्यवस्था सही तरह काम कर रही है, जिनका निर्माण अंग्रेजों ने कराया था, लेकिन हमारे इंजीनियर हर किस्म के आधारभूत ढांचे का निर्माण इस तरह करते हैं कि वह दो-चार साल में ही कमजोर पड़ जाता है या अपर्याप्त साबित हो जाता है। नदियों में प्रदूषण केवल सीवेज सिस्टम की खराबी से ही नहीं होता, बल्कि उद्योगों के अपशिष्ट जल से भी होता है। गंभीर बात यह है कि तमाम उद्योग अपने विषाक्त जल को शोधित करने के बजाय उसे रिवर्स बोरिंग कर जमीन में समाहित कर देते हैं। यह अपराध है, लेकिन उस पर रोक इसलिए नहीं लग रही है, क्योंकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अधिकारी ऐसे उद्योगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करते। इसका नतीजा यह है कि उद्योग जानबूझकर भूजल को दूषित कर रहे हैं। यह दूषित जल भूगर्भ जल को विषैला करता है और अनेक बीमारियों का कारण बनता है। पंजाब में कैंसर के मामले बढ़ने के पीछे भूमिगत जल के प्रदूषण को ही माना जा रहा है। नदियों को प्रदूषण मुक्त करने वाली व्यवस्था तब सुधरेगी, जब शासन-प्रशासन के साथ आम जनमानस भी सचेत होगा। सरकारी कर्मचारी और विशेष रूप से इंजीनियरों पर यह दारोमदार होता है कि वे बेहतर इंजीनियरिंग और गुणवत्ता वाले निर्माण कराएं, लेकिन इसमें शिथिलता ही देखने को मिलती है। यह किसी से छिपा भी नहीं, लेकिन इसके बाद भी इंजीनियरों को जवाबदेह बनाने और उन्हें उनके घटिया निर्माण के लिए दंडित करने का काम नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि सड़कों के निर्माण और डिजाइनिंग में खामी इसलिए देखने को मिल रही है, क्योंकि इंजीनियर उनका निर्माण सही तरह नहीं करते। यह हाल एनएचएआइ के इंजीनियरों के साथ अन्य सरकारी विभागों का भी है। आज जब हम संकल्प ले रहे हैं कि 2047 तक देश को विकसित बनाना है, तब यदि बेसिक इंजीनियरिंग में भी दक्षता हासिल नहीं की जा पा रही है तो यह शर्म की बात है।

## औरंगजेब से त्रस्त आईएनडीआईए, अबू आजमी के बयान से खुल गई सेक्युलरिज्म की पोल

महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने औरंगजेब का महिमामंडन करने वाले अपने बयान को वापस ले लिया, लेकिन वह राजनीतिक बहस और विवाद के केंद्र में बने हुए हैं। इसी बीच कुछ और लोगों को औरंगजेब दयालु दिख गया और उन्होंने भी उसकी प्रशंसा के पुल बांधने में संकोच नहीं किया। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता कि औरंगजेब एक कट्टर और क्रूर शासक था आखिर जो अपने सगे भाई दारा शिकोह का सिर कलम करके उसका सिर तश्तरी में रखकर पिता शाहजहां को भेंट करने की हिमाकत करे, उससे निकृष्ट और कौन होगा? उसकी करतूतों का कच्चा-चिट्ठा खुद उसके दरबारी लेखक सकी मुस्तैद खान ने मआसिर-ए-आलमगिरी में लिखा है। वास्तव में इसी कारण करीब-करीब सभी इतिहासकार इस पर एकमत हैं कि औरंगजेब सबसे क्रूर शासक था और उसकी सनक भरी हरकतों की वजह से ही मुगल शासन का पतन हुआ। इसके बाद भी भारत और पाकिस्तान में उसका महिमामंडन करने वालों की कमी नहीं। पता नहीं क्यों, कुछ मुसलमानों को यह लगता है कि औरंगजेब चाहे लाख बुरा हो, लेकिन मुसलमान होने के नाते उसकी सराहना करना उनका मजहबी फर्ज है कुछ लिबरल किस्म के बुद्धिजीवियों को भी यही लगता है कि वे जब तक औरंगजेब को महान और दयालु शासक नहीं कह देते, तब तक उनके लिए खुद को सेक्युलर साबित करना कठिन होगा। इस कारण वे भी औरंगजेब और ऐसे ही आक्रांताओं का गुणगान करना अपना सेक्युलर फर्ज समझते हैं यह तो गनीमत रही कि अबू आजमी औरंगजेब का महिमामंडन करने से पीछे हट गए, अन्यथा वह विपक्षी दलों के मोर्चे आईएनडीआईए के समक्ष बड़ा संकट खड़ा करने वाले थे। वैसे यह संकट अभी टला नहीं है। महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों के लिए यह संभव नहीं कि वे औरंगजेब का महिमामंडन सहन कर सकें। इनमें भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के दोनों घटक ही नहीं, कांग्रेस भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब सपा प्रमुख अखिलेश ने औरंगजेब की सराहना पर अबू आजमी के महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबन पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि 'उन्हें निलंबित कर सच की जुबान पर लगाम नहीं लगाई जा सकती' तो उद्धव ठाकरे ने उन्हें नसीहत देने में देर नहीं की। जैसे अबू आजमी ने आईएनडीआईए नेताओं के समक्ष धर्मसंकट खड़ा कर दिया था, वैसे ही एक समय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया बताते हुए उसके खात्मे की जरूरत जताकर आईएनडीआईए को बगलें झांकने को मजबूर कर दिया था। उनसे उदयनिधि की बेहूदा टिप्पणी न तो निगलते बन रही थी और न ही उगलते। चूंकि सनातन धर्म के खात्मे की जरूरत जताने वाला बयान घोर आपत्तिजनक था, इसलिए आईएनडीआईए के कई घटकों के नेताओं को दबे-छिपे स्वरों में उदयनिधि को नसीहत देनी पड़ी। ऐसी ही नौबत तब आई थी, जब कुछ तथाकथित सेक्युलर और समाजवादी नेताओं ने रामचरितमानस के खिलाफ टिप्पणियां करनी शुरू कर दी थीं। अभी हाल में महाकुंभ को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी भी विपक्षी गठबंधन के नेताओं के लिए मुसीबत बन गई थी। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने तो खरगे की टिप्पणी की परवाह न करते हुए संगम में डुबकी लगाना भी पसंद किया। इनमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी थे। भारत में सेक्युलरिज्म की जैसी विकृत अवधारणा अपना ली गई है, उसके चलते खुद को सेक्युलर कहने वाले लोगों की ओर से औरंगजेब सरीखे आक्रांताओं का महिमामंडन करना, सनातन धर्म और उसकी परंपराओं का दकियानूसी बताना आवश्यक हो जाता है। इसी कारण कथित सेक्युलर दलों की ओर से अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध होता रहा। इस विरोध का नतीजा यह हुआ कि सेक्युलरिज्म की पोल खुल गई और यह प्रमाणित हो गया कि वह छद्म सेक्युलरिज्म है। यदि आज कोई नेता यह नहीं कहता कि वह सेक्युलरिज्म की रक्षा के प्रति समर्पित है तो इसी कारण की वह एक हेय शब्द बन गया है। इसी छद्म सेक्युलरिज्म के चलते तीन तलाक जैसी कुरीति को प्रतिबंधित करने की पहल का भी विरोध किया गया। यह किसी से छिपा नहीं कि आईएनडीआईए के समक्ष कई तरह के राजनीतिक संकट हैं और दिल्ली विधानसभा चुनावों के समय यह तब अच्छी तरह से उजागर भी हुआ था, जब सपा और तृणमूल कांग्रेस आप के समर्थन में उतर आईं थीं। इससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ था तो यही कि आईएनडीआईए घटकों की दिली ख्वाहिश यही है कि गठबंधन की एकजुटता के नाम पर कांग्रेस उन राज्यों में भी कमजोर बनी रही, जो कभी उसके मजबूत गढ़ थे। कांग्रेस अपने इन गढ़ों में फिर से अपनी जड़ें जमाना चाहती है। यह उसके सहयोगी दलों को पसंद नहीं। कुल मिलाकर आईएनडीआईए के घटकों में आपसी विश्वास की कमी के चलते तो खटपट होती ही रहेगी, जब-जब कोई उदयनिधि सनातन धर्म को कोसेगा या फिर कोई अबू आजमी औरगंजेब का गुणगान करेगा तो भी उसका संकट बढ़ेगा, क्योंकि उसके नेता छद्म सेक्युलरिज्म को छोड़ने को तैयार नहीं।

## दिल्ली में वादे पूरे करने में क्यों देरी कर रही सरकार, 'खबरों के खिलाड़ी' ने बताई इसकी वजह

दिल्ली में होली पर मुफ्त सिलेंडर के वादे को लेकर सियासत तेज है। इसके अलावा 2500 रुपयों को लेकर भी विपक्ष सत्ताधारी भाजपा पर हमलावर है। खबरों के खिलाड़ी में इस सप्ताह इसी मुद्दे पर चर्चा हुई दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा ने सरकार बना ली। चुनाव से पहले भाजपा द्वारा किए गए बड़े-बड़े वादों को पूरा करने का दबाव अब रेखा गुप्ता सरकार पर बनने लगा है। आम आदमी पार्टी लगातार इन वादों पर सत्ता पक्ष को घेरने में लगी हुई है। विपक्षी पार्टी अब सवाल कर रही है कि होली तो बीत गई। होली पर मुफ्त सिलेंडर के वादे का क्या हुआ? इसी तरह महिलाओं के लिए 2500 रुपये के वादे पर भी विपक्ष सरकार को घेर रहा है। इन्हीं मुद्दे पर इस हफ्ते खबरों के खिलाड़ी में चर्चा हुई। चर्चा के लिए वरिष्ठ पत्रकार रामकृपाल सिंह, समीर चौगांवकर, अवधेश कुमार, राकेश शुक्ल, राजकिशोर, अजय सेठिया और अनुराग वर्मा मौजूद रहे। समीर चौगांवकरः आम आदमी पार्टी अब विपक्ष में है। आतिशी नेता प्रतिपक्ष हैं उनका काम है सरकार से सवाल पूछना। आतिशी भी मुख्यमंत्री रही हैं, अरविंद केजरीवाल भी 10 साल मुख्यमंत्री रहे हैं। इसलिए सवाल पूछने से पहले आप को यह भी बताना चाहिए कि जो वादे हमने किए थे वो हमने पूरे किए और भाजपा वादे पूरे करने की स्थिति में नहीं है। रेखा गुप्ता अभी मुख्यमंत्री बनी हैं और मुख्यमंत्री बनते ही सारे वादे पूरे हो जाएंगे ये उम्मीद करना भी गलत होगा। यह कोई जादू की छड़ी नहीं है कि उसे घुमाएंगे और सारे वादे पूरे हो जाएंगे। अवधेश कुमारः मुफ्तखोरी के नाम पर लोगों को भ्रष्ट बनाने, आलसी बनाने के विरोध में लोगों ने भाजपा को वोट दिया है। जिस देश में परिश्रम करने वाला वर्ग कामचोर हो जाए, आलसी हो जाए वो देश कभी भी महाशक्ति नहीं बन सकता है। पराजय के बावजूद आम आदमी पार्टी ने अपना



विजन बड़ा करने पर काम नहीं किया है। अनुराग वर्माः अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में रेवड़ी राजनीति का जो प्रयोग किया, उसने दिल्ली की पूरी व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। भाजपा ने उसे और बढ़ा दिया। जो व्स्थाएं ध्वस्त हुई हैं उसे हमें यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि वो रातों रात ठीक हो जाएंगी। पर्सेप्शन मैनेजमेंट में यमुना के मुद्दे पर भाजपा ठीक काम करती हुई दिख रही है। दिल्ली में भाजपा ने जो वादे किए हैं उन्हें पूरा करना भाजपा की मजबूरी है। वो वादे कब पूरे करेंगे, वो अलग बात है। राजकिशोरः 27 साल से भाजपा विपक्ष में ही थे, उससे बाहर निकलने में समय लगेगा। पहले तो लोगों को बताना पड़ेगा कि आपका कितना नुकसान हुआ है और यह भाजपा बताएगी। दो तीन चीजों में आमूलचूल परिवर्तन होगा और इसकी शुरुआत हो चुकी है। सड़कों पर यह काम शुरू हो गया है। जो काम सड़कों पर हो रहा है वही काम राजनीति में भी शुरू हो गया है। दिल्ली का जो पूरा रिवर्स गियर लगा था वो अरविंद केजरीवाल की सियासत की वजह से लगा था। साफ हवा, पानी और बिजली इन सब पर काम करना होगा। मेरे पास जो जानकारी है इस दिशा में एक पूरा प्लान तैयार किया जा रहा है। अजय सेठियाः आतिशी बहुत ज्यादा हमलावर हैं। सरकार जिस दिन बनी वो उसी दिन से हमलावर हो गईं। आम आदमी पार्टी को लगता है कि वो इस वजह से हारी क्योंकि प्रधानमंत्री ने उन रेवड़ियों की घोषणा कर दी जो उन्होंने की थी, लेकिन दिल्ली का यह चुनाव रेवड़ियों पर नहीं था। मैंने पहले ही कहा था आम आदमी पार्टी सरकार जा रही है। कोई भी घोषणा पत्र तुरंत पूरा नहीं होता है। पहले तो घोषणा पत्र की चर्चा तक नहीं हुआ करती थी। पांच साल में उसकी 10 से 20 फीसदी बातें पूरी होती थी। फ्री बीज को सोशल वेलफेयर में लाया जा रहा है। मैं समझता हूं कि मुफ्त की रेवड़ियों की समाप्ति का दौर भी शुरू हो गया है। रामकृपाल सिंहः केजरीवाल मूलतः एक गैरराजनैतिक शख्स थे। मैं उन्हें आज भी गैर राजनीतिक शख्स मानता हूं। दिल्ली की जनता ने किस बात पर वोट दिया है ये मुझे नहीं मालूम है, लेकिन जिस शख्स ने राजनीतिक बदलाव की बात करके सत्ता में जगह पाई थी, उसके बाद शीशमहल और आधे मंत्रियों के जेल जाने के बाद यह तय था वो सत्ता से बाहर जा रहे हैं। सवाल इस बात का है कि कांग्रेस या भाजपा इनकी कमिया भी रहेंगी, लेकिन यह तय है कि अगर आप काम नहीं करेंगे तो जनता माफ नहीं करती है। भाजपा हमेशा से पात्रता की बात करती रही है। कौन इसका पात्र होगा यह तह होगा तो यह वाकई में सोशल वेलफेयर स्कीम होगी। राकेश शुक्लः केजरीवाल की तरफ से आतिशी यह जिम्मेदारी निभा रही हैं कि केजरीवाल के मंच पर आने से पहले मंच को साधने की कोशिश कर रही हैं। दिल्ली के तीनों प्रमुख राजनीतिक दलों की तरफ से घोषणा पत्र आए थे। यहां की जनता ने तीनों में से भाजपा के घोषणा पत्र में विश्वास किया। बाजरा में हम जो प्रोडक्ट लेने जाते हैं तो उसमें भी एक स्टार लगाकर लिखा होता है कि नियम शर्तें लागू, हम उसे नहीं पढ़ते हैं। इन पार्टियों के घोषणा पत्र में भी इसी तरह के स्टार लगे थे जिसे जनता ने नहीं पढ़ा।

## ऑनलाइन निष्क्रिय रहने का सुख, नहीं लग पाता पक्षपात का आरोप

भले अच्छा माना जाता हो, लेकिन आनलाइन प्लेटफार्मों पर निष्क्रिय लोग प्रायः सुखी देखे जा रहे हैं। अब तो साइबर एक्सपर्ट भी कह रहे हैं कि आनलाइन प्लेटफार्मों में जो जितना अधिक सक्रिय है, उसके ठगे जाने की उतनी अधिक आशंका है। इसी तरह इन प्लेटफार्मों में सक्रियता आपको लती बनाती है और आप दुनिया भर की समस्याओं को सुलझाने की चिंता में नाहक दुबले होते रहते हैं। उन देशों की भी समस्याएं, जिन्हें मानचित्र में खोजना भी आपके लिए कठिन हो। आप इस जल्दी में भी रहते हैं कि किसी भी ट्रेंडिंग मसले पर कुछ लाइक या फिर वायरल होने वाली पोस्ट कैसे करें। इस फेर में अपना टेंशन बढ़ाते रहते हैं। इस टेंशन से बचना है और चैन से रहना है तो चाहे बजे डंका, चाहे जले लंका, आप तो बस आराम कीजिए। जब आप ताजा खबर, बबन फैंस क्लब, सजातीय मंच, आज का ज्ञान, साहित्य शिरोमणि जैसे वाट्सएप समूहों में जबरिया जोड़ लिए गए हों या फिर अपनी इच्छा से जुड़े हों तो भी वहां निष्क्रियता से बढ़िया और कुछ नहीं। वहां सक्रिय रहकर आप अपना टेंशन बढ़ाएंगे और आपको शुभ प्रभात के संदेश दोपहर तक देखने पड़ेंगे। वॉट्सएप समूहों में आए दिन बहसबाजी होती ही रहती है। टीवी चैनल हो तो बहस समय से शुरू होकर समय से खत्म हो जाए। इधर तो ठसुबह से लेकर शाम तक, शाम से लेकर रात तकठ निरंतर बहस की स्थिति बनी रहती है। कई बार बहस बढ़ते-बढ़ते थाने तक चली जाती है। इस बहस में वे बेचारे भी घसीट लिए जाते हैं, जिन्होंने बीच-बीच में सिर्फ रोने-हंसने के इमोजी भर भेजे होते हैं। ऐसे में यदि आप निष्क्रिय हैं तो बहस के साथ भी और बहस के बाद भी मजे में रहेंगे। आनलाइन सोशल प्लेटफार्म पर आप सक्रिय रहते हैं तो दिल की बात मुंह आने का डर होता है। टीवी डिबेट में स्वतंत्र पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक या जानकार मुंह खोलते ही पकड़ में आ जाते हैं कि उनके मुंह में किस कंपनी की जुबान है। बोलने पर आदमी के दांत ही नहीं, अक्ल की दाढ़ भी दिख जाती है। आप निष्क्रिय हैं तो कभी भी यह आरोप नहीं लग सकता कि आप इधर के है या उधर के! वाट्सएप समूहों में यदि आप सक्रिय रहते हैं तो एडमिन कोई न कोई जिम्मेदारी सौंप देंगे। यह संसार की रीत है। चालू बैल को ही जोता जाता है। उत्सर्जित होती ऊर्जा का हर कोई रूपांतरण करना चाहता है। और फिर जिम्मेदारी मिलते ही आप भी मेंढक तौलने लगेंगे। निष्क्रिय बने रहे तो ही अच्छा। जब से इंटरनेट मीडिया आया है, खूब जन्मदिन मनने लगे हैं। जन्मदिन ही क्यों, पुण्य स्मरण और बरसी भी। आप कहां तक बधाई, शुभकामना और फूल पत्तियां भेजोगे! और फिर उधौ को बधाई दे दी और माधौ की अनदेखी कर दी तो वह 'देख लूंगा' वाले मोड में आ जाएगा। निष्क्रिय हैं तो सावन हरे न भादौ सूखे वाली स्थिति में रहेंगे। यदि आप किसी ग्रुप में तमाशबीन बनकर रहते हैं तो मुद्दा-ए-खास पर आयोजित चर्चा में अपमानित होने और समूह से निकाले जैसी कार्रवाई से हमेशा बचे रहेंगे। लेफ्ट होने जैसी सोशल सुसाइड से भी बचे रहेंगे। माने आग लगे बस्ती में अपन तो रहो मस्ती में। यदि आप वाट्सएप समूहों में निष्क्रिय अवस्था में रहते हैं या कम या बिल्कुल ही नहीं लिखते तो आपकी हिंदी कितनी अच्छी है और आपके विचार कितने श्रेष्ठ हैं, इस पर हमेशा पर्दा पड़ा रहेगा। नतीजतन आपकी छवि एक भयंकर गंभीर और व्यस्त व्यक्ति की बनी रहेगी। विश्वास कीजिए यदि आप वाट्सएप समूह में निष्क्रिय हैं और सिर्फ अमावस-पूनम ही नजर आते हैं तो आपकी सभी को प्रतीक्षा रहेगी। सूरज, चांद, तारों को कौन निहारता है, हेली धूमकेतु को सब नोटिस करते हैं। सास दैनिक गंगा नहाने जाए तो बहू रोज-रोज पैर नहीं पड़ती। आप कहेंगे यह सब तो ठीक है, लेकिन जब कभी अपना या पत्नी का जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ जैसा कोई खुशी का प्रसंग आया तब क्या करेंगे? या हमें कोई सम्मान वगैरह मिला तो उस खुशी को किसे बताएंगे? ऐसे तो जंगल में मोर नाचा किसने देखा जैसी बात हो जाएगी।

# ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से बढ़ी ठंड, कुल्लू और लाहौल में हिमस्खलन का अलर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रदेश में येलो अलर्ट के बीच पांच जिलों लाहौल-स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, चंबा, सिरमौर में पहाड़ों पर बर्फबारी और शिमला-कांगड़ा समेत कई क्षेत्रों में बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश में यलो अलर्ट



के बीच पांच जिलों लाहौल-स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, चंबा, सिरमौर में पहाड़ों पर बर्फबारी और शिमला-कांगड़ा समेत कई क्षेत्रों में बारिश हुई। कई स्थानों पर शुक्रवार दोपहर बाद से शुरू हुआ बारिश-बर्फबारी का दौर शनिवार को भी जारी रहा। इससे प्रदेश में ठंडक बढ़ गई है। जलोड़ी जोत पर बर्फबारी से एनएच 305 आनी-कुल्लू वाहनों की आवाजाही के लिए ठप हो गया है। अटल टनल रोहतांग से आवाजाही हो रही है। कुल्लू, लाहौल चंबा, किन्नौर सहित जम्मू-कश्मीर में हिमखंड गिरने का अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 16 मार्च को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी की संभावना है। वहीं 17, 19 और 20 मार्च को लाहौल और स्पीति और किन्नौर और चंबा, कांगड़ा और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। 18 और 21 मार्च को पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। लाहौल-स्पीति में बर्फबारी ने लोगों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। लाहौल-स्पीति में 104 से अधिक सड़कें व 32 बिजली के ट्रांसफार्मर बंद हैं। शुक्रवार रात से किन्नौर जिले के ऊपरी इलाकों में हल्का हिमपात और निचले इलाके में बारिश का क्रम जारी है। छितुकल, रक्षम, नेसंग, हांगो, चुलिंग, रोपा, सुमरा और शलखर में 10 सेंटीमीटर तक हिमपात हुआ है। छितकुल के लिए बस सेवा ठप हो गई है। नाथपा में राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 पर अपराह्न 4:30 बजे पहाड़ी से चट्टानें आ गिरीं, जिससे यातायात करीब आधा घंटा ठप रहा। सिरमौर जिला के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल चूड़धार में हिमपात हुआ, जबकि अन्य इलाकों में बूंदाबांदी हुई। कांगड़ा में धौलाधार पर्वत की पहाड़ियां हिमपात से सफेद हो गई हैं। कुल्लू में भी ऊपरी क्षेत्रों और चंबा के पांगी में भी बर्फबारी हुई है। शिमला में न्यूनतम तापमान 5.6, सुंदरनगर 11.9, भुंतर 8.4, कल्पा 1.2, ऊना 11.5, नाहन 11.1, केलांग -2.1, पालमपुर 10.0, सोलन 9.0, मनाली 5.2, मंडी 12.6, चंबा 10.4, डलहौजी 5.5, कुकुमसेरी -2.6, भरमौर 5.7, सेऊबाग 6.8, धौलाकुआं 15.2, बरठीं 12.4, पांवटा साहिब 10.0, सराहन 4.8, ताबो -0.8 व देहरा गोपीपुर में 14.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जनजातीय क्षेत्र पांगी में दो मंजिला मकान की छत से बर्फ हटाते वक्त संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। 37 वर्षीय शाम सिंह पुत्र दुर्गा दास निवासी पुंटों शुक्रवार शाम करीब 6:00 बजे बर्फ हटाते समय मकान की छत से गिर गया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलावस्था में परिजन और ग्रामीण व्यक्ति को पालकी में उठाकर छह किलोमीटर तक बर्फ में पैदल चलकर सड़क तक पहुंचाया। जहां से आगे नौ किलोमीटर गाड़ी के जरिये उसे सीविल अस्पताल किलाड़ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे कुल्लू अस्पताल के लिए रेफर किया गया। भारी बर्फबारी के बाद भी हालात सामान्य नहीं होने से अब रेफर मरीज के लिए हेलीकॉप्टर ही राहत प्रदान कर सकता है। परिजनों ने पांगी प्रशासन से हेलीकॉप्टर के जरिये मरीज को एयर लिफ्ट करने की मांग उठाई है। चंबा जिले के उरेई-सांबरा मार्ग पर भारी भूस्खलन से मार्ग पर वाहनों की रफ्तार थम गई। गनीमत, ये रही कि पहाड़ी दरकने से अचानक गिरे टनों के हिसाब से मलबे की चपेट में वहां से गुजर नहीं गाड़िया नहीं आईं। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि पहाड़ी दरकने से नया बनाया गया पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। उधर, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भाल चंद ने बताया कि शनिवार सुबह 10:30 बजे पहाड़ दरका है। इसके बाद टीमों को मौके के लिए रवाना किया गया। जनजातीय क्षेत्र पांगी में बर्फबारी के बाद शुक्रवार तड़के पांगी घाटी में भूकंप के झटके महसूस हुए। सहमे लोग घरों से बाहर निकल आए। पंगवाल एकता मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने बताया कि पांगी में भूकंप के झटके लगने से कुमार पंचायत में कुछ घरों में दरारें आई हैं। इसे लेकर उन्होंने पांगी प्रशासन को अवगत करवाया है। साथ ही मांग की कि कुमार में प्रशासन की टीम भेजकर नुकसान की रिपोर्ट बनाई जाए। साथ ही प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि कुमार पंचायत निवासी देवी चंद, हरि शरण, सतपाल, देवराज और सतपाल के घरों की दीवारों पर भूकंप से दरारें आई हैं। इस मामले में आवासीय आयुक्त पांगी से संपर्क नहीं हो पाया।

## जयारोग्य अस्पताल की खें्प् यूनिट में आग लगी, एसी फटने से हादसा, खिड़की तोड़कर मरीजों को बाहर निकाला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मध्य प्रदेश।** ग्वालियर जिले के जयारोग्य अस्पताल समूह की खें्प्



यूनिट में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर अस्पताल अधीक्षक समेत पुलिस और इमरजेंसी स्टाफ को भी बुलाया गया। वार्ड की खिड़कियां तोड़कर मरीजों को बाहर निकाला गया। मप्र के ग्वालियर जिले के जयारोग्य अस्पताल समूह की खें्प् यूनिट में आग लग गई। एसी फटने से खें्प् की महिला लेबर यूनिट में आग लगी। इसमें 16 मरीज थे भर्ती, साथ ही आसपास के वार्डों में 100 से ज्यादा मरीज भर्ती थे। हादसे के बाद सभी मरीजों को सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में शिफ्ट किया गया। आग लगने की सूचना पर अस्पताल अधीक्षक समेत पुलिस और इमरजेंसी स्टाफ को भी बुलाया गया। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद वार्ड की खिड़कियां तोड़कर मरीजों को बाहर निकाला गया। सभी मरीज सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

## समझौते की कोशिशों के बीच रूस-यूक्रेन ने एक-दूसरे पर किए हवाई हमले, यूक्रेनी उर्जा ठिकानों को भारी नुकसान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन ने शनिवार रात एक-दूसरे पर भारी हवाई हमले किए। रूस ने 126 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया, जबकि यूक्रेन ने रूस के 130 ड्रोनों को नष्ट किया। ऊर्जा ठिकानों पर हमले से यूक्रेन में बिजली आपूर्ति बाधित



हुई।रूस और यूक्रेन ने शनिवार रात एक-दूसरे पर भारी हवाई हमले किए। दोनों देशों ने जानकारी दी कि उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में दूसरे देश के ड्रोन दिखाई दिए। यह हमला उस समय हुआ, जब 24 घंटे पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ घंटों तक बैठक की और यूक्रेन युद्ध में 30 दिन के अस्थायी युद्धविराम पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शत्रु के 100 से अधिक ड्रोन देखे जाने की सूचना दी। वोल्गोग्राद क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई बोचारोव ने बताया कि गिरते हुए ड्रोन के मलबे से क्रास्नोरमिस्की जिले में एक लुकोइल तेल रिफाइनरी के पास आग लगी। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने अधिक जानकारी नहीं दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना के बाद आसपास के हवाई अड्डों पर उड़ानों पर अस्थायी रोक लगा दी गई। रूस का यूक्रेन पर आक्रमण शुरू होने के बाद पिछले तीन वर्षों में वोल्गोग्राद रिफाइनरी को कई बार निशाना बनाया है। हाल ही में 15 फरवरी को एक ड्रोन हमले में इसे फिर से निशाना बनाया गया था। रूसी रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने 126 यूक्रेन ड्रोन को मार गिराया, जिनमें से 64 वोल्गोग्राद क्षेत्र में थे। अन्य ड्रोन वोरोजेन, बेलग्राद, ब्रायांस्क, रोस्तोव और कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए। इस बीच, यूक्रेन की वायु सेना ने शनिवार को कहा कि रूस ने रातभर 178 ड्रोन और दो बैलिस्किटक मिसाइलों से हमला किया। ये हमले शाहेद-ड्रोन और वायु रक्षा प्रणाली को भ्रमित करने वाली नकली ड्रोन से किए गए। कुल 130 ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि 38 ड्रोन लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही रास्ते में गायब हो गए। यूक्रेन की निजी उर्जा कंपनी डीटीईके ने बताया कि रूस ने उसके उर्जा ठिकानों पर हमला किया, जिससे भारी नुकसान हुआ। डीटीईके ने शनिवार को एक बयान में कहा कि रूस ने निप्रोपेत्रोवस्क और ओडेसा क्षेत्रों में उर्जा ढांचों को निशाना बनाया। इसके कारण कुछ निवासियों को बिजली की आपूर्ति बंद करनी पड़ी। उर्जा कंपनी ने कहा, गंभीर नुकसान हुआ है। उर्जा कर्मी पहले से ही मरम्मत कार्य में जुटे थे। हम घरों में बिजली की आपूर्ति बहाल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वे युद्धविराम का सैद्धांतिक रूप से समर्थन करते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि युद्धविराम पर सहमति से पहले ऐसे कई बिन्दु हैं जिन पर स्पष्टता होनी जरूरी है। यूक्रेन ने पहले ही युद्ध विराम प्रस्ताव का समर्थन कर दिया है लेकिन देश के अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से संदेह जताया है कि क्या रूस इस समझौते का पालन करेगा।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर द्वारा आयोजित पश्चिमी सहयोगियों की ऑनलाइन वार्ता के बाद शनिवार को कीव में पत्रकारों से बातचीत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दीर्घकालिक शांति योजना पर चर्चा के लिए 30-दिन के पूर्ण युद्धविराम प्रस्ताव पर अपने देश का समर्थन व्यक्त किया। जेलेंस्की ने साथ ही कहा कि रूस इस वार्ता में अडंगा डालता रहेगा। जेलेंस्की ने शनिवार को एक बयान में रूस पर सीमा पर सेना बढ़ाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, ''रूसी सेना का बढ़ना यह दर्शाता है कि मॉस्को कूटनीति को नजरअंदाज करना चाहता है। यह स्पष्ट है कि रूस युद्ध को लंबा खींच रहा है।

## पिता का शव लेने गए, थमा दिया 'अज्ञात' का- मोर्चरी से शव 'लापता' गोरखपुर बीआरडी की कहानी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** नियमानुसार, शव मिलने के 72 घंटे बाद उसका पोस्टमार्टम करवा कर पुलिस को दाह संस्कार कराना होता है। लेकिन पुलिस ने



यहां लापरवाही बरती और 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम नहीं कराया। होली के दिन दुखी का देवरिया के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के कोरवां निवासी भतीजा संजीव यादव खाना लेकर आया, तब मौत की जानकारी परिजनों को हुई। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के मोर्चरी से एक बुजुर्ग का शव लापता हो गया। इसके बाद हड़कंप मच गया। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग शव की तलाश कर रहा है। विगत सोमवार को हरसेवकपुर नंबर दो स्थित टिनशेड के घर में दुखी यादव (70) का शव मिला था। परिजनों के नहीं आने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया था। शनिवार को दुखी के देवरिया में रहने वाले भाई और भतीजा बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर दूसरा शव देखकर पंचनामा से इन्कार कर दिया और हंगामा करने लगे। देवरिया जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के कोरवां निवासी दुखी यादव 25 वर्ष पहले अपने तीन भाइयों महंत, जीतन व अमरनाथ के साथ गुलरिहा क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो के शताब्दीपुरम कॉलोनी में जमीन लेकर डेयरी का व्यापार शुरू किया था।

## मऊगंज में बबाल क्यों, अब हालात कैसे आदिवासियों ने तहसीलदार के हाथ-पैर तोड़े

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मध्य प्रदेश।** शनिवार को युवक की हत्या और फिर पुलिस टीम पर आदिवासियों के हमले में एक एसआई की मौत हो गई, जबकि तहसीलदार समेत कई की हालत





गंभीर बनी हुई है। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं।मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में शनिवार को बवाल हो गया। जिले के शाहपुरा थान क्षेत्र के गड़रा गांव में आदिवासी परिवार ने एक युवक को बंधक बनाया लिया। उसके साथ जमकर मारपीट की गई। सूचना पर उसे बचाने पहुंची पुलिस टीम पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। हमले में एएसआई रामचरण गौतम की मौत हो गई। साथ ही वह सनी द्विवेदी भी मारा गया, जिसे आदिवासी परिवार ने बंधक बनाया था। तहसीलदार कुंवरे लाल पनिका और टीआई संदीप भारतीय को गंभीर चोट आई है। बुरी तरह की गई मारपीट से तहसीलदार के हाथ-पैर की हड्डी टूट गई है, जबकि टीआई संदीप के सिर पर गंभीर चोट आई है। इसके अलावा पुलिस टीम में शामिल अनंत मिश्रा, एएसआई बृहस्पति पटेल, अंकित शुक्ला और एएसआई जवाहर सिंह यादव भी घायल हुए हैं। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, बवाल के बाद कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने गड़रा गांव में धारा 163 लागू कर दी है। साथ ही सीधी और रीवा से बड़ी संख्या में पुलिस बल बुलाकर गांव में तैनात किया गया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में भी लिया है। डीआईजी साकेत पांडे के अनुसार जिले के गड़रा गांव में शनिवार को आदिवासी गुट के लोगों ने ब्राह्मण परिवार पर हमला बोल दिया। सनी द्विवेदी ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस की टीम मौके पर रवाना हुई, लेकिन वहां पहुंचने से पहले सनी द्विवेदी की हत्या कर दी गई। पुलिस टीम को देखते ही आदिवासी गुट के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया और पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को घेर लिया। हमले में एएसआई रामचरण गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए, अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी संदीप भारती, तहसीलदार पनिका, एएसआई जवाहर सिंह यादव और बृहस्पति पटेल समेत अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। तहसीलदार पनिका और टीआई संदीप को गंभीर चोटें आई हैं। शनिवार रात को मऊगंज में हुए विवाद का असली कारण दो महीने पहले हुआ एक सड़क हादसा है। इस हादसे में अशोक कुमार आदिवासी की मौत हो गई थी। आदिवासी परिवार का आरोप था कि अशोक की हत्या की गई, उन्होंने इसका आरोप सनी द्विवेदी पर लगाया था। लेकिन, पुलिस ने जांच के बाद सनी को क्लीनचिट दे दी। लेकिन, आदिवासी परिवार इससे संतुष्ट नहीं था। वह अशोक की मौत का जिम्मेदार सनी द्विवेदी को मान रहे थे। इसी के चलते शनिवार को आदिवासियों के एक जुट ने सनी द्विवेदी को बंधक बनाकर एक कमरे में बंद कर लिया। उसके साथ जमकर मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

## शहरी नक्सलवाद के खिलाफ विधेयक पर रार, सुप्रिया सुले बोलीं- विपक्ष को दबाने की हो रही कोशिश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की सरकार ने महाराष्ट्र स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल 2024 पेश किया



है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में नक्सलवाद से निपटना है। इस विधेयक में सरकार और पुलिस मशीनरी को कई अधिकार दिए गए हैं, जिनसे गैरकानूनी गतिविधियों से निपटा जाएगा। एनसीपी एसपी की सांसद सुप्रिया सुले ने शहरी नक्सलवाद के खिलाफ लाए जा रहे विधेयक की तुलना औपनिवेशिक काल के रॉलेट एक्ट से की है। सुप्रिया सुले ने आरोप लगाया कि इस विधेयक का लोगों या संगठनों के खिलाफ गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। सुप्रिया सुले ने मांग की कि सरकार विधेयक के ड्राफ्ट की फिर से समीक्षा करे और ये सुनिश्चित करे कि संविधान के मूल्यों का उल्लंघन न होने पाए। महाराष्ट्र की सरकार ने महाराष्ट्र स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल 2024 पेश किया है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में नक्सलवाद से निपटना है। इस विधेयक में सरकार और पुलिस मशीनरी को कई अधिकार दिए गए हैं, जिनसे गैरकानूनी गतिविधियों से निपटा जाएगा। इस विधेयक के तहत दर्ज मामले गैर जमानती होंगे। बीते साल दिसंबर में महाराष्ट्र विधानसभा में पेश हुए विधेयक में ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिससे शहरी नक्सलवाद से निपटना आसान होगा। एनसीपी एसपी सांसद और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने शनिवार को दावा किया कि यह विधेयक लोगों के मौलिक अधिकारों को कमजोर करेगा। सुले ने कहा कि इस विधेयक के जरिए सरकार के खिलाफ बोलने के लोगों के अधिकार को छीन लिया जाएगा। एक स्वस्थ लोकतंत्र में मतभेद वाले विचारों का सम्मान किया जाता है। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा, 'लोकतंत्र का सिद्धांत विपक्ष की आवाजों को भी महत्व देता है, क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि सत्ता में बैठे लोग जवाबदेह रहें और जनता की राय का सम्मान करें।' बारामती सांसद ने आरोप लगाया, 'इससे सरकार को प्रभावी रूप से पुलिस राज स्थापित करने का लाइसेंस मिल जाता है, जिसका दुरुपयोग उन व्यक्तियों, संस्थानों या संगठनों के खिलाफ किया जा सकता है जो लोकतांत्रिक तरीके से रचनात्मक विरोध व्यक्त करते हैं।' सुले ने कहा कि यह विधेयक प्रशासन को अनियंत्रित शक्तियां प्रदान करेगा जिसका दुरुपयोग व्यक्तियों को केवल प्रतिशोध की भावना से परेशान करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी नीतियों और निर्णयों की आलोचना करना, शांतिपूर्वक विरोध करना या मार्च आयोजित करना सभी अवैध कार्य माने जा सकते हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि 'ऐतिहासिक रूप से, अंग्रेजों ने औपनिवेशिक शासन के दौरान विपक्ष को दबाने के लिए इसी तरह का कानून (रॉलेट एक्ट) लाने का प्रयास किया था।' सुले ने आगे कहा कि यह विधेयक संविधान के मूल सिद्धांतों का प्रत्यक्ष खंडन है और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। हम सरकार से इस विधेयक के मसौदे की समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं कि संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन न हो।

## ट्रेन के इंजन से निकला धुआं, ढाई घंटे तक बाधित रहा आवागमन-जांच कमेटी गठित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** शुक्रवार शाम करीब 7.15 बजे गोरखपुर से गोंडा जाने वाली 55031 पैसेंजर ट्रेन डोमिनगढ़ स्टेशन पहुंची ही थी कि उसके इंजन से धुआं निकलने लगा। यह देख तत्काल लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी और कंट्रोल को अलर्ट जारी कर दिया। इसके साथ ही लोको पायलट ने दूसरे इंजन की मांग की। इस बीच लखनऊ जाने वाली ट्रेनें एक के पीछे एक खड़ी होती चली गईं। गोंडा पैसेंजर ट्रेन के इंजन से शुक्रवार शाम डोमिनगढ़ स्टेशन के पास अचानक धुआं निकलने लगा। इंजन काट कर अलग किए जाने और दूसरा इंजन लगाने के बाद ट्रेन को बस्ती की तरफ रवाना किया गया। इससे ढाई घंटे तक आवागमन बाधित रहा। इससे छह से अधिक ट्रेनों के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसकी जांच के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। शुक्रवार शाम करीब 7.15 बजे गोरखपुर से गोंडा जाने वाली 55031 पैसेंजर ट्रेन डोमिनगढ़ स्टेशन पहुंची ही थी कि उसके इंजन से धुआं निकलने लगा। यह देख तत्काल लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी और कंट्रोल को अलर्ट जारी कर दिया। इसके साथ ही लोको पायलट ने दूसरे इंजन की मांग की।

## युद्धविराम लागू होने पर ही अमेरिकी-इस्राइली बंधक को रिहा करेंगे', हमास समझौता करने का बना रहा दबाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
हमास का आरोप है कि इस्राइल ने शनिवार को गाजा में हवाई हमला किया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। इस्राइल का कहना है कि वे संदिग्ध आतंकी थे, वहीं हमास का दावा है कि मरने वालों में स्थानीय पत्रकार और चिकित्सा कर्मी शामिल थे। हमास दूसरे चरण के युद्धविराम समझौते के लिए इस्राइल पर दबाव बना रहा है औ? इसी के तहत उसने शनिवार को कहा है कि अगर युद्धविराम समझौता लागू होगा, तभी वे एक अमेरिकी-इस्राइली बंधक को रिहा करेंगे। वहीं जहां एक तरफ हमास युद्धविराम समझौते पर दबाव बना रहा है, वहीं इस्राइल ने भी अपने तरीके से दबाव बनाना शुरू कर दिया है। हमास का आरोप है कि इस्राइल ने शनिवार को गाजा में हवाई हमला किया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। इस्राइल का कहना है कि वे संदिग्ध आतंकी थे, वहीं हमास का दावा है कि मरने वालों में स्थानीय पत्रकार और चिकित्सा कर्मी शामिल थे।हमास के एक शीर्ष नेता ने कहा कि युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण



की शुरुआत बंधकों की रिहाई से होगी और यह 50 दिन से ज्यादा नहीं चलना चाहिए। साथ ही हमास ने मांग की कि इस्राइल गाजा में राशन और अन्य जरूरत के सामान की आपूर्ति को फिर से शुरू करे। हमास ने गाजा और मिस्त्र की सीमा पर रणनीतिक तौर पर अहम जगह से भी इस्राइली सेना की वापसी की मांग की है। हालांकि इस्राइल इससे साफ इनकार कर चुका है और उनका कहना है कि वे यहां से हथियारों की तस्करी पर रोक जारी रखेंगे। हमास ने बंधकों के बदले में फलस्तीनी कैदियों को भी रिहा करने की मांग उठाई है। हमास की कैद में जो बंधक बचे हुए हैं, उनमें 21 साल का इडन एलेक्जेंडर भी शामिल है। इडन अमेरिका के न्यूजर्सी में पला-बढ़ा है। 7 अक्तूबर के हमले के दौरान हमास के आतंकियों ने उसे मिलिट्री बेस से अगवा किया था। अब हमास की कैद में इडन ही एकमात्र अमेरिकी इस्राइली नागरिक बंधक है। हमास के पास अभी भी 59 बंधक हैं, जिनमें से 35 मृत हो सकते हैं। वहीं इस्राइल में बंधकों के परिजन सरकार पर दबाव बना रहे हैं कि वे युद्धविराम समझौता करें। इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा है कि वे मध्यस्थों से युद्धविराम समझौते पर बात करने की तैयारी कर रहे हैं।शनिवार को इस्राइल के दो हवाई हमलों में गाजा के बेत लाहिया में कम से कम नौ लोगों की मौत हुई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। फलस्तीन के एक वॉचडॉग जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन सेंटर का कहना है कि हवाई हमले में तीन फलस्तीनी पत्रकार मारे गए हैं। साथ ही चिकित्साकर्मी और ड्रोन संचालक मारे गए हैं। वहीं इस्राइल का कहना है कि हमले में मारे गए लोग संदिग्ध आतंकी थे।

## डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका का हूती विद्रोहियों पर हवाई हमला, 24 लोगों की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन की राजधानी सना पर हवाई हमलों की एक श्रृंखला का आदेश देने का एलान किया था। ट्रंप ने कहा था कि जब तक ईरान समर्थित हूती विद्रोही महत्वपूर्ण समुद्री गलियारे पर जहाजों पर हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वे अत्यधिक घातक बल का प्रयोग करेंगे। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों पर हवाई हमले किए। इसमें 24 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई लाल सागर में जहाजों पर हो रहे हमलों के विरोध में की गई। ट्रंप ने हूतियों के मुख्य समर्थक ईरान को भी चेतावनी दी कि उसे समूह को समर्थन देना तुरंत बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने अमेरिका को धमकी दी, तो हम आपको पूरी तरह से जवाबदेह ठहराएंगे और फिर हम अच्छा व्यवहार नहीं करेंगे!शनिवार



को ट्रंप ने अपने अधिकारियों को यमन की राजधानी सना पर हवाई हमले करने का आदेश दिया था। इसकी जानकारी देते हुए ट्रंप ने वादा किया कि जब तक ईरान समर्थित हूती विद्रोही महत्वपूर्ण समुद्री गलियारे पर जहाजों पर हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वे अत्यधिक घातक बल का प्रयोग करेंगे।ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ठहमारे बहादुर युद्धक अभी अमेरिकी शिपिंग, वायु और नौसैनिक संपत्तियों की रक्षा करने और नौवहन स्वतंत्रता को बहाल करने के लिए आतंकवादियों के ठिकानों, नेताओं और मिसाइल सुरक्षा पर हवाई हमले कर रहे हैं। ट्रंप ने सभी हूती विद्रोहियों से कहा कि तुम्हारा समय समाप्त हो गया है और तुम्हें आज से ही हमले बंद करने होंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो तुम पर नरक की ऐसी बारिश होगी जैसी तुमने पहले कभी नहीं देखी होगी ट्रंप ने कहा, कोई भी आतंकवादी ताकत अमेरिकी वाणिज्यिक और नौसैनिक जहाजों को विश्व के जलमार्गों पर स्वतंत्र रूप से चलने से नहीं रोक पाएगी उन्होंने ईरान को विद्रोही समूह का समर्थन बंद करने की चेतावनी भी दी, तथा वादा किया कि वह अपने प्रतिनिधि के कार्यों के लिए ईरान को पूरी तरह से जवाबदेहङ्ग ठहराएंगे। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि यह हूती ठिकानों पर हवाई हमलों की शुरुआत है तथा अभी और हमले किए जाएंगे।वहीं हूती विद्रोहियों ने शनिवार शाम को सना और सऊदी अरब की सीमा पर सादा में हवाई हमले होने की सूचना दी। उन्होंने रविवार तड़के होदीदा, बायदा और मारिब प्रांतों में भी हवाई हमले होने की जानकारी दी।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## रिलीज से पहले ही 'कुली' पर बरसने लगा पैसा, ओटीटी पर इतने करोड़ में बिकी रजनीकांत की फिल्म

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज से पहले ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मोटी रकम में बेची गई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह रजनीकांत की किसी भी फिल्म की अब तक की सबसे बड़ी ओटीटी डील है।सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' की चर्चा इन दिनों खूब हो रही है। यह इस साल बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। हाल ही में फिल्म के कुछ बीटीएस तस्वीरें सामने आई थी, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ गई थी। वहीं, अब फिल्म की ओटीटी डील को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। कोइमोई की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेजन प्राइम वीडियो ने इस फिल्म के डिजिटल राइट्स को 120 करोड़ रुपये में खरीदा है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रजनीकांत की किसी फिल्म की यह अब तक की सबसे बड़ी ओटीटी डील है। इससे पहले उनकी सुपरहिट फिल्म 'जेलर' के डिजिटल



राइट्स भी अमेजन प्राइम ने 100 करोड़ रुपये में खरीदे थे। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही 'कुली' धमाकेदार एक्शन से भरपूर होने की उम्मीदें हैं। फिल्म की कहानी को अभी पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें रजनीकांत का किरदार थोड़ा नकारात्मक रंग के साथ नजर आ सकता है। रजनीकांत के अलावा फिल्म में नागार्जुन अक्किनेनी और उपेंद्र राव जैसे बड़े सितारे अहम किरदारों में दिखेंगे। श्रुति हासन, सौबिन शाहिर और सत्यराज भी फिल्म महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाएंगे। खास बात यह है कि पूजा हेगड़े एक स्पेशल डांस नंबर में नजर आएंगी। कुछ समय पहले खबरें थीं कि 'कुली' की रिलीज डेट ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' से टकरा सकती है। हालांकि, ताजा जानकारी के मुताबिक ऐसा नहीं होगा। दोनों फिल्मों की रिलीज डेट अलग-अलग रखी गई है। हाल ही में रजनीकांत फिल्म 'वेट्टैयन' में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन टीजे ज्ञानवेल ने किया था। इस पुलिस एक्शन ड्रामा में उन्होंने एक आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभाई थी। 'कुली' के अलावा रजनीकांत 'जेलर 2' में भी दिखेंगे। नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन में बन रही इस सीक्वल में वे एक बार फिर टाइगर मुथुवेल पांडियन के किरदार में लौटेंगे। 'जेलर' की जबर्दस्त कामयाबी के बाद फैंस इसके अगले भाग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर 'छावा' के 30 दिन पूरे, फिल्म के लिए अब दूर नहीं 600 करोड़ की मंजिल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' ने आज शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर 30 दिन शानदार



तरीके से पूरे कर लिए हैं। अब भी फिल्म की शानदार कमाई जारी है। जानते हैं आज कितना कलेक्शन किया?फिल्म 'छावा' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए आज शनिवार को एक महीना पूरा हो गया है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर चांदी काट रही है। 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के दिन रिलीज हुई यह फिल्म विक्की कौशल के करियर की सबसे बड़ी ओपनर साबित हुई और यह उनके करियर की भी सबसे बड़ी फिल्म बन गई है। जानते हैं आज 30वें दिन फिल्म ने कैसा प्रदर्शन किया फिल्म 'छावा' संभाजी महाराज के जीवन पर बनी फिल्म है। इसमें विक्की कौशल ने लीड रोल किया है। फिल्म के तथ्यों को लेकर कई सवाल उठाए गए। इस पर विवाद भी हुए, लेकिन किसी भी बात का फर्क इसके कलेक्शन पर नहीं पड़ा। 500 करोड़ रुपये क्लब में शामिल हो चुकी फिल्म अब 600 करोड़ क्लब में एंट्री की तैयारी में है। कल शुक्रवार 14 मार्च को होली पर फिल्म ने 7.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। महीनेभर से 'छावा' मजबूती से सिनेमाघरों में टिकी है।

## जन्नत से ब्रेकअप की अफवाह के बीच फैजल मनाते दिखे शो में होली, क्या खुशियों में भूल गए गम

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर टीवी इंडस्ट्री तक कई जोड़ियां टूट रही हैं। हाल ही में टीवी एक्ट्रेस जन्नत जुबैर और इंफ्लुएंसर फैजल शेख के अलग होने की खबर सामने है। इसमें फैजल शेख और बाकी प्रतियोगी होली के रंग उड़ा रहे हैं। फैजल भी इस वीडियो में काफी खुश दिख रहे हैं। जबकि इन दिनों उनके और जन्नत जुबैर के ब्रेकअप की खबर भी सामने आ रही है






आई। इन्हीं खबरों के बीच फैजल होली के रंग में रंगे दिखे। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह अपने को-एक्टर्स के साथ खूब मस्ती कर रहे हैं। इंफ्लुएंसर फैजल शेख और टीवी एक्ट्रेस जन्नत जुबैर अकसर साथ नजर आए हैं, एक-दूसरे को अपना अच्छा दोस्त बताते हैं। लेकिन इनके फैंस का मानना है कि जन्नत और फैजल रिलेशनशिप में हैं। हाल ही में इनके ब्रेकअप की अफवाह सामने आईं। इसी खबर के बीच फैजल शेख अपने एक शो में होली मनाते दिखे, हंसते-मुस्कुराते दिखे। हाल ही में सोनी टीवी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' का एक वीडियो पोस्ट किया, ये होली के स्पेशल एपिसोड का प्रोमो वीडियो पिछले दिनों 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में फैजल ने कहा था कि जब यह शो खत्म हो जाएगा तो पक्का उनकी शादी हो जाएगी। तब जज फराह खान ने कहा था- 'मैं तो करा के ही रहूंगी तेरी शादी। जन्नत की सैर तो कराऊंगी।' इसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स को लगा कि फैजल जल्द ही जन्नत से शादी करेंगे। जन्नत जुबैर ने पिछले दिनों फैजल शेख को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया। इसी कारण कहा जाने लगा कि ये दोनों अब अलग हो चुके हैं। साथ ही जन्नत ने एक पोस्ट भी किया, जिसमें लिखा- 'जिंदीग में जो भी है, उसे अपना लो और जो कुछ गुजर गया उसे जाने दो। जिंदगी में जो होने वाला है, उसमें यकीन करो'।

## रवीना टंडन की बेटी संग खुश दिखीं तमन्ना, विजय वर्मा से ब्रेकअप को लेकर चर्चा में अभिनेत्री

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा लंबे वक्त से डेट कर रहे थे लेकिन हाल ही में इनके ब्रेकअप की खबर सुनने को मिली। विजय वर्मा से ब्रेकअप की अफवाहों



के बीच अभिनेत्री तमन्ना अपने दोस्तों के साथ नजर आईं। अभिनेत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, इसमें वह काफी खुश दिख रही हैं। तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा जल्द ही शादी करेंगे कुछ वक्त पहले तक ये खबर चर्चा में रही। लेकिन अब इन जोड़ी के अलग होने की खबरें भी सामने आ रही हैं। दोनों काफी समय से एक-दूसरे के साथ नजर नहीं आ रहे हैं। हाल ही में तमन्ना को अपने करीबी दोस्तों के साथ देखा गया, पैपराजी ने मुंबई में उनकी फोटो, वीडियो लीं, जिसमें तमन्ना काफी खुश नजर आ रही हैं। तमन्ना का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसमें वह राशा थडानी यानी रवीना टंडन की बेटी के साथ नजर आ रही हैं। राशा और तमन्ना के बीच काफी अच्छी दोस्ती है। दोनों को अकसर साथ देखा जाता है। राशा को तमन्ना काफी सपोर्ट करती हैं। जब राशा की पहली फिल्म 'आजाद' रिलीज हुई थी तो तमन्ना ने उन्हें काफी सपोर्ट किया था। तमन्ना का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसमें वह राशा थडानी यानी रवीना टंडन की बेटी के साथ नजर आ रही हैं। राशा और तमन्ना के बीच काफी अच्छी दोस्ती है। दोनों को अकसर साथ देखा जाता है। राशा को तमन्ना काफी सपोर्ट करती हैं। जब राशा की पहली फिल्म 'आजाद' रिलीज हुई थी तो तमन्ना ने उन्हें काफी सपोर्ट किया था। पिछले दिनों भी एक इंटरव्यू में तमन्ना भाटिया ने प्यार को लेकर बात की। वह कहती हैं, 'प्यार बिना शर्त होना चाहिए। मेरा मानना है कि अगर किसी से प्यार करें तो उन्हें फ्री छोड़ देना चाहिए। जैसे वो हैं, उन्हें वैसे ही रहने देना चाहिए।' तमन्ना भाटिया अपनी निजी जिंदगी से हटकर अपनी फिल्मों को लेकर भी चर्चा में हैं। जल्द ही उनकी एक फिल्म 'ओडेला 2' रिलीज होगी। इस फिल्म में तमन्ना का लुक और किरदार दोनों ही काफी हटकर हैं। यह एक सुपरनेचुरल थ्रिलर है।

## मुझे सलमान से डरने के लिए कहा गया, सौरभ शुक्ला ने साझा किया 'किक' का दिलचस्प किस्सा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** सौरभ शुक्ला ने 'किक' की शूटिंग के दौरान का एक दिलचस्प



किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि एक विशेष सीन के दौरान उन्हें सलमान खान से डरने के लिए कहा गया।अभिनेता सौरभ शुक्ला की गिनती बॉलीवुड के शानदार अभिनेताओं में होती है। उन्होंने कई सारी हिट और बड़ी फिल्मों में अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'किक' का एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान किसी ने उनसे सलमान खान से डरने के लिए कहा था। आइए जानते हैं पूरे किस्से को विस्तार से। 'किक' में सौरभ शुक्ला ने अहम भूमिका निभाई थी। जिसमें सलमान खान और जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में थे। अभिनेता ने जैकलीन के पिता का किरदार निभाया था। डिजिटल कमेंट्री से बातचीत में सौरभ ने एक सीन का जिक्र करते हुए कहा, ठसलमान का किरदार पहली बार मेरी बेटी के बॉयफ्रेंड के तौर पर मुझसे मिलने आया है। दिलचस्प बात यह है कि सीन इस तरह से लिखा गया है कि वह मुझसे मेरी सैलरी, मेरी बचत आदि के बारे में पूछता है। इसलिए जब मुझसे यह सवाल पूछा गया तो मैंने इस तरह से प्रतिक्रिया दी कि दर्शकों को लगा कि मैं उस सवाल से हैरान हूं अभिनेता ने आगे कहा, ठसीन शूट होने के बाद, सलमान के एक असिस्टेंट मेरे पास आए और कहा कि मुझे उस सीन में अपनी प्रतिक्रिया बदलनी होगी। असिस्टेंट को लगा कि मुझे सलमान के देवी लाल सिंह के सामने डरे हुए जैसा व्यवहार करना चाहिए। जब मैंने यह तर्क देने की कोशिश की कि इस तरह की प्रतिक्रिया का कोई मतलब नहीं है, तो उनके सहायक ने बताया कि सलमान को शायद यह प्रतिक्रिया पसंद ना आए। सलमान ने अपने असिस्टेंट को बुलाया और उससे कहा कि वह मुझे बिल्कुल भी परेशान न करे। उन्होंने उससे कहा कि मेरी एक्टिंग बिल्कुल सही थी और यह सीन के लिए एकदम सही रिएक्शन था।फिल्म 'किक' में रणदीप हुड्डा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म का निर्माण और निर्देशन साजिद नाडियाडवाला ने किया था। सलमान की आगामी फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगे, जो इस साल ईद पर रिलीज होगी। फिल्म में उनका साथ रश्मिका मंदाना देंगी। इसका निर्देशन एआर मुरुगादॉस कर रहे हैं।

## प्रभास के फैंस के लिए खुशखबरी, सलार री-रिलीज की एडवांस बुकिंग जानिए कब से होगी शुरू

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** प्रभास की फिल्म सलार पार्ट 1ः सीजफायर एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म 21 मार्च 2025 को बड़े पर्दे पर दोबारा रिलीज होगी। इसके लिए एडवांस बुकिंग के बारे में ताजा जानकारी सामने आई है।साल 2023 में रिलीज हुई प्रभास की फिल्म सलार का पहला भाग रिलीज हुआ था। वहीं फिल्म निर्माताओं ने फिल्म सलार के दूसरे भाग की रिलीज से पहले इसके पहले भाग को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया है। आइए जानते हैं फिल्म की एडवांस बुकिंग कब से शुरू होगी। पिंकविला की रिपोर्ट्स के अनुसार, सलार भाग 1 की एडवांस बुकिंग कल से शुरू होगी और फिल्म के पास टिकटों की प्री-सेल के लिए 9-10 दिन का समय है, क्योंकि यह फिल्म 21 मार्च को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। सलार 1' फिल्म पहली बार दिसंबर 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। उस समय इस फिल्म का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' से हुआ था। उस समय सलार ने बॉक्स ऑफिस पर दुनिया भर में 600 करोड़ रुपये कमाए थे। हालांकि सिनेमाघरों में यह फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी, लेकिन ओटीटी पर इसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया था।

## ब्रेस्ट कैंसर के इलाज के दौरान अचानक क्यों बदला हिना के नाखूनों का रंग, अभिनेत्री ने किया खुलासा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उनका उपचार चल रहा है। इस दौरान उनके नाखूनों के रंग में बदलाव देखा गया है। फैंस उनसे इसकी वजह चाहा कि क्या हिना इस रंग की कोई नेलपॉलिश लगा रही हैं। इन सभी सवालों का जवाब हिना ने अपने हालिया पोस्ट में दिया है।हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक स्टेटस शेयर किया



पूछ रहे हैं। हाल ही में हिना खान ने इसका खुलासा किया है। अभिनेत्री हिना खान तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर का उपचार करा रही हैं। अपनी हेल्थ को लेकर वे सोशल मीडिया पर फैंस से अक्सर अपडेट शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि उनकी कीमौथेरेपी पूरी हो चुकी हैं। और सर्जरी भी हो चुकी है। उपचार के दौरान हिना खान के नाखूनों के रंग में बदलाव नजर आया है। इसकी वजह हिना ने स्पष्ट की है।हिना खान की हालिया कुछ तस्वीरों को गौर से देखने पर उनके नाखूनों के रंग में बदलाव नजर आएगा। एक्ट्रेस के नाखून हल्के काले दिख रहे हैं। इसे लेकर फैंस ने उनसे सवाल किए हैं। साथ ही उनके जानने वालों ने भी इसकी वजह पूछी है। कुछ लोगों ने जानना है। इसमें उन्होंने एक तस्वीर लगाई है, जिसमें उनके नाखून दिख रहे हैं। इसके साथ लिखा है, 'आप में से बहुत से लोग मेरे नाखूनों के बारे में पूछ रहे हैं। यह ठीक है। इस बारे में सवाल करने वालों में मेरी बिल्डिंग के कुछ लोग भी शामिल हैं...मैंने कोई नेल पॉलिश नहीं लगाई है। मैं नेल पेंट लगाकर प्रार्थना कैसे कर सकती हूं। थोड़ा दिमाग लगाओ मेरे प्यारे साथियों'।हिना ने आगे लिखा है, 'नाखूनों का रंग उड़ना कीमोथेरेपी के सबसे कॉमन साइड इफैक्ट्स में से एक है। मेरे नाखून ड्राई हो गए हैं और टूटने लगे हैं। कमजोर होने के कारण कभी-कभी नाखून सतह से ऊपर उठ जाते हैं। लेकिन, इन सब बदलावों के बीच जो सबसे अच्छी बात है वो ये कि यह सभी कुछ अस्थाई है। यह बात हम सभी याद रखें। बाकी सब ठीक है'।

## 'द डिप्लोमैट' की कमाई में दूसरे दिन दिखा मामूली सुधार, 'छावा' पहुंची 550 करोड़ के पार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** फिल्म 'द डिप्लोमैट' की कमाई में दूसरे दिन सुधार देखने को मिला है। वहीं, 'छावा' ने 550 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। आइए दोनों फिल्मों के शनिवार के कलेक्शन के बारे में जानते हैं...इन दिनों 'द डिप्लोमैट' और 'छावा' सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है। जॉन अब्राहम की फिल्म ओपनिंग डे पर अच्छा प्रदर्शन करने में फिल्म फैंस को काफी पसंद आई है। वहीं, कई समीक्षकों ने भी इसकी तारीफ की है। फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो पहले दिन फिल्म ने धीमी शुरुआत की। शुक्रवार को फिल्म ने चार करोड़ रुपये से ओपनिंग ली। वहीं, दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में थोड़ा सुधार नजर आया। शनिवार को फिल्म ने चार करोड़ 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही






नाकाम रही थी। वहीं, छावा अब भी टिकट खिड़की पर शानदार कारोबार कर रही है। आइए जानते हैं कि शनिवार को इन दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया।'द डिप्लोमैट' में जॉन अब्राहम के साथ सादिया खतीब और कुमुद मिश्रा भी मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। यह कहानी 2017 में घटी एक घटना से प्रेरित है, जिसमें एक भारतीय महिला के पाकिस्तान में फंसने और वहां से वापस लाए जाने की घटना को रोचक अंदाज में पेश किया गया है। फिल्म में जॉन अब्राहम एक भारतीय राजनयिक जेपी सिंह की भूमिका में हैं जो अपनी सूझबूझ और कूटनीतिक कौशल से उसे बचाते हैं। यह फिल्म की कुल कमाई अब आठ करोड़ 50 लाख रुपये हो गई है। छावा' बॉक्स ऑफिस पर अब भी छाई हुई है। फिल्म 600 करोड़ी क्लब की ओर तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। हाल ही में इस फिल्म के तेलुगु संस्करण को रिलीज किया गया है। दक्षिण में भी यह फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वीकएंड आते ही फिल्म की रफ्तार एक बार फिर से तेज हो गई। चौथे हफ्ते में इस फिल्म ने 55.95 करोड़ रुपये कमाए थे।वहीं, पांचवें हफ्ते की शुरुआत में भी फिल्म का कारोबार काफी अच्छा रहा है। पांचवें शुक्रवार को फिल्म ने सात करोड़ 25 लाख रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, 30वें दिन इस फिल्म ने आठ करोड़ रुपये की कमाई की।

## छोटे कद के कारण अधूरा रहा आर्मी में जाने का सपना, गरीबी नहीं छीन पाई चेहरे

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और अभिनेता राजपाल यादव आज रविवार 16 मार्च को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने बहुत संघर्षों से गुजरकर यह मुकाम हासिल किया है। जानते हैं उनके बारे में कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं होता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों'! दुष्यंत कुमार की ये लाइनें अभिनेता राजपाल यादव पर एकदम सटीक बैठती हैं। परदे पर अपनी कॉमेडी से वे दर्शकों को खूब हंसाते हैं। असल जिंदगी में भी वे उतने ही सकारात्मक हैं। जिंदगी में ऐसे कई मौके आए, जब उनका जीवन उदासी से भरा, मगर अभिनेता ने मुश्किल वक्त में भी कुछ बेहतर ढूंढ लिया। यही उनके जीवन का मंत्र है। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के कुण्डरा गांव में जन्मे राजपाल यादव ने फिल्मी दुनिया में बड़ा नाम कमाया है। उनकी राह संघर्षों से भरी रही। आइए जानते हैं उनके बारे में.राजपाल यादव का जन्म 16 मार्च 1971 को यूपी के शाहजहांपुर के कुण्डरा गांव में हुआ। उनके पिता नौरंग यादव किसान थे। राजपाल यादव छह भाई हैं। राजपाल यादव का बचपन गांव के कच्चे मकान में बीता। एक इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया कि उनके गांव में एक भी पक्का घर नहीं था। गांव की मिट्टी में उनका बचपन बीता। परिवार की माली हालत ठीक नहीं होने के बावजूद राजपाल यादव के पिता ने उनकी शिक्षा पर जोर दिया। उनका दाखिला दूर शहर के स्कूल में कराया। राजपाल यादव बचपन से ही जिंदगी में कुछ बड़ा करना चाहते थे। यूं तो वे आर्मी जॉइन करना चाहते थे, लेकिन छोटे कद के कारण ऐसा नहीं हो सका। अभिनेता ने अभिनय की दुनिया में नाम कमाने का सपना देखा और उसे सच कर दिखाया।राजपाल यादव ने 1992 में थिएटर जॉइन किया। उन्होंने भारतेंदु नाट्य अकादमी में दाखिला लिया। दो साल





थिएटर करने के बाद दिल्ली में एनएसडी गए। वहां एक्टिंग कोर्स करने के बाद 1997 में मुंबई पहुंचे। राजपाल यादव ने करियर की शुरुआत छोटे परदे से की। एक्टर ने एक बातचीत में जिक्र किया कि उन्होंने पुणे के यरवदा जेल पर 'स्वराज' नाम के डीडी वन पर आने वाले सीरियल से शुरुआत की। इंदु भूषण का रोल किया। 1998 में प्रकाश झा का मुंगेरी के भाई नौरंगी लाल आया, जिसमें उन्होंने नौरंगी का रोल किया। फिर साल 1999 में उन्हें पहली फिल्म मिली। और आज तक यह सिलसिला जारी है। छोटा कद होने के चलते इंडस्ट्री में भी उन्हें कम संघर्ष नहीं करना पड़ा। मगर, अपनी प्रतिभा के दम पर उन्होंने खुद को साबित किया। साल 1999 में उन्हें पहली फिल्म 'दिल क्या करे' मिली। हालांकि, उन्हें पहचान मिली फिल्म 'जंगल' (2000) में काम करके। इस फिल्म में उनका काम नोटिस किया गया। इसके बाद उन्हें पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा। इसके बाद राजपाल ने 'हंगामा', 'वक्त', 'चुप-चुप के', 'गरम मसाला', 'फिर हेरा फेरी', 'भूल भुलैया', 'भागम भाग' और 'ढोल' जैसी फिल्मों में बतौर कॉमेडी एक्टर काम किया है। करियर के शुरुआती दिनों में राजपाल यादव ने कुछ फिल्मों में निगेटिव किरदार किए। अभिनेता करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ करीब 225 करोड़ रुपये है। राजपाल यादव ने कड़ी मेहनत कर गरीबी जैसे हालातों को तो हरा दिया। मगर, किस्मत ने भी उन्हें धोखा दे दिया। अभिनेता की पत्नी करुणा का निधन हो गया। बेटी को जन्म देने के बाद करुणा निधन हो गया। करुणा और राजपाल यादव की बेटी का नाम ज्योति है। उन पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। राजपाल यादव दूसरी शादी नहीं करना चाहते थे। पहली पत्नी के निधन के कई साल बाद साल 2003 में शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकात राधा से हुई। दोनों के बीच काफी नजदीकियां बढ़ गईं और दोनों एक-दूसरे को डेट करने लगे। फिर शादी का फैसला लिया।कनाडा में जन्मीं राधा को राजपाल पहली नजर में ही पसंद आ गए थे। एक इंटरव्यू के दौरान राधा ने बताया था, 'मैं जब पहली बार मुंबई पहुंची थी, तब राजपाल मुझे अपने घर लेकर गए थे। उन्होंने मुझे सरप्राइज देने के लिए घर का इंटीरियर उसी होटल की तरह करवाया था, जैसा कनाडा के उस होटल का था, जहां हम पहली बार मिले थे'। राजपाल यादव के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें बीते साल फिल्म 'भूल भुलैया 3' में देखा गया था।


स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com



नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।